चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 149, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 28 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मुस्लिम देशों में तीन तलाक लागू नहीं तो भारत में यह कुप्रथा क्यों?

## 'समान नागरिक संहिता देश की जरूरत'

**भोपाल/नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मुसलमानों से जुड़े मुद्दों- तीन तलाक, समान नागरिक संहिता और भेदभाव का सामना करने वाले पसमंदा मुसलमानों की स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले नेताओं ने कभी मुसलमानों के हित की बात नहीं की। अगर वे उनके सच्चे हितैषी होते तो अधिकांश परिवारों में शिक्षा, रोजगार होता और उनका जीवन सुगम होता। भोपाल में आयोजित मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने एक बूथ कार्यकर्ता के सवाल के जवाब में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि परिवार में एक सदस्य के लिए अलग नियम और दूसरे के लिए दूसरा नियम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर कुछ लोग मुसलमानों को भटकाने का काम कर रहे हैं। संविधान में ही समान अधिकारों की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट भी बार बार समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने के लिए सरकार से पूछ रहा है। एक देश की तरक्की के लिए सभी के लिए समान कानून जरूरी है। प्रधानमंत्री ने मुसलमानों में पिछड़े वर्ग का मुद्दा उठाया और कहा कि मुसलमानों की छोटी छोटी जातियां के पसमंदा मुसलमान वोट बैंक की राजनीति के चलते आज भी मुश्किल से जीवनयापन कर रही हैं। उनकी आवाज कोई सुनने को तैयार नहीं है। एक वर्ग ने इनका शोषण किया है। देश में इस मुद्दे पर कभी चर्चा नहीं होती। आज भी उन्हें बराबरी का हक नहीं है। उन्हें नीच और अछूत समझा जाता है।



### भारत में महंगाई दर नियंत्रण में है: पीएम मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि भारत में महंगाई दर नियंत्रण में है। हमारे पड़ोस में पाकिस्तान में महंगाई दर 38% से ज्यादा है। श्रीलंका में 25% से ज्यादा है। भारत में ये 5% से भी कम है। कोरोना के खिलाफ इतने समय से चले आ रहे युद्ध के बावजूद भारत में हमने महंगाई को बेकाबू नहीं होने दिया। भाजपा सरकार का जोर तो लोगों को ज्यादा से ज्यादा बचत कराने पर है। आज हर भारतीय, हर महीने करीब 20 जीबी डेटा इस्तेमाल करता है। 2014 तक 1 जीबी के लिए 300 रुपए लगते थे। आज के हिसाब से ये 6 हजार रुपए का होता। भाजपा ने डेटा को गरीब के लिए बिल्कुल सस्ता कर दिया है। अब 30 जीबी के 200 से 300 रु. लग रहे हैं। आपके 5000 हजार रुपए से ज्यादा हर महीने बच रहे हैं। कांग्रेस के समय एलईडी बल्ब 300-400 रुपए में बिकता था। भाजपा सरकार में 50-60 रुपए कीमत हो गई। गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल करीब 20 हजार करोड़ रुपए कम हुआ है। आज जन औषधि के स्टोर में सस्ती दवा मिलती है। इससे गरीब का करीब 20 हजार करोड़ रुपया बचा है।

### 'भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही'

**आज** हम देख रहे हैं कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर भड़काने का काम हो रहा है। एक घर में परिवार के सदस्य के लिए एक कानून हो, परिवार के दूसरे सदस्य के लिए दूसरा कानून हो, तो क्या वो घर चल पाएगा? फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा। भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट कह रही है कि कॉमन सिविल कोड लाओ। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भाजपा की सबसे बड़ी ताकत आप सभी कार्यकर्ता हैं। आप सिर्फ बीजेपी ही नहीं, आप सब सिर्फ दल ही नहीं, देश के संकल्पों के सिद्धी के भी मजबूत सिपाही हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक की कुप्रथा से केवल महिला ही नहीं उसके परिजन भी दुखी होते हैं। शादी के आठ-दस साल बाद तीन तलाक देने से पूरा परिवार तबाह हो जाता है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक प्रथा का इस्लाम से कोई संबंध होता तो मुस्लिम बहुल देश इसे खत्म क्यों करते। मिस्त्र की 90 प्रतिशत से ज्यादा आबादी सुन्नी मुसलमान है और वा 90 साल पहले ही इसे समाप्त कर चुका है। पाकिस्तान से लेकर इंडोनेशिया जैसे अनेक मुस्लिम बहुत देशों में तीन तलाक की प्रथा पर रोक है। तब भारत की बहन-बेटियों को इस कुप्रथा के तले क्यों पिसने दिया जाए।

मोदी ने कहा कि भाजपा मुस्लिम बहन-बेटियों के साथ खड़ी रहती हैं।

## अगले दो दिनों में सभी क्षेत्रों में भी मानसून होगा सक्रिय: आईएमडी

**नई दिल्ली।** मानसून तकरीबन सभी राज्यों में दस्तक दे चुका है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 4-5 दिनों में तेजी से आगे बढ़ने के साथ ही मानसून इस समय सक्रिय है। उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों को छोड़ दें तो मानसून का असर लगभग पूरे देश पर पड़ता दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक सोमा सेन के अनुसार अब तक पूरा गुजरात और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में मानसून दस्तक दे चुका है। अगले दो दिनों में उम्मीद है कि दक्षिण पंजाब,



हरियाणा और राजस्थान के शेष हिस्सों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। आईएमडी के मुताबिक उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर लगभग पूरे देश में मानसून का असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों तक छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है।

### एचडीएफसी का एचडीएफसी बैंक में विलय एक जुलाई से

**मुंबई/नई दिल्ली:** आवास वित्त कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड का निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के साथ विलय एक जुलाई से प्रभावी होगा। इस विलय प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडलों की बैठक 30 जून को होगी। एचडीएफसी के चेयरमैन दीपक पारेख ने मंगलवार को कहा कि एचडीएफसी का एचडीएफसी बैंक के साथ विलय एक जुलाई से प्रभावी होगा। इस विलय के बाद बनने वाली नई इकाई की संयुक्त संपत्ति करीब 18 लाख करोड़ रुपये होगी।

## महंगाई पर काबू पाने के लिए बफर स्टॉक से तुअर दाल देगी सरकार



**नई दिल्ली:** सरकार ने भारतीय बाजार में आयातित स्टॉक आने तक अरहर दाल को राष्ट्रीय सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) से एक मूल्यांकित और लक्षित तरीके से जारी करने का निर्णय लिया है। केंद्र ने यह कदम उपभोक्ताओं को तुअर दाल यानी अरहर दाल की किफायती दामों पर उपलब्धता बढ़ाने के लिए उठाया है। खाद्य मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नाफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) को पात्र मिल मालिकों के बीच ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से तुअर दाल का निपटान करने का निर्देश दिया है, ताकि उपभोक्ताओं के लिए तैयार तुअर दाल के उपलब्ध स्टॉक को बढ़ाया जा सके। इससे पहले सरकार ने जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने और उपभोक्ताओं के लिए कीमत सामान्य बनाए रखने के लिए 2 जून को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 को लागू कर तुअर और उड़द दाल के स्टॉक की अधिकतम सीमा लागू की थी। इस आदेश के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 अक्टूबर, 2023 तक तुअर और उड़द के लिए स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले खुदरा बाजार में तुअर दाल गुणवत्ता के आधार पर 95-110 रुपये प्रति किलोग्राम बिकती थी, लेकिन अब यह 130-150 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है।

दरअसल सरकार आमतौर पर आपात स्थिति और वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के बीच जरूरतों को प्रतिबंधित करने के लिए बफर स्टॉक रखती है।

## विश्व कप: भारत-पाक का मुकाबला 15 अक्टूबर को

### आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के कार्यक्रम की सूची जारी

**मुंबई।** भारत की मेजबानी में इस साल के अंत में 46 दिनों तक चलने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के कार्यक्रम और दस स्थानों की सूची जारी कर दी गई है। बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला रविवार, 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। विश्व कप की शुरूआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मैच के साथ होगी। मेजबान भारत अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में पांच बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।




ऑस्ट्रेलिया 13 अक्टूबर को लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला रविवार, 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

पाकिस्तान 20 अक्टूबर को बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जबकि अगले दिन मुंबई में इंग्लैंड का दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला होगा।

भारत 22 अक्टूबर को सुरम्य धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगा और ऑस्ट्रेलिया 4 नवंबर को अहमदाबाद में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत 29 अक्टूबर को लखनऊ में इंग्लैंड का सामना करेगा। ग्रुप चरण का अंतिम मैच 12 नवंबर को कोलकाता में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल बुधवार 15 नवंबर को मुंबई में और दूसरा सेमीफाइनल अगले दिन कोलकाता में होगा। दोनों सेमीफाइनल में एक रिजर्व डे होगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा और 20 नवंबर को रिजर्व डे रखा गया है।

टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें भाग लेंगी, पहली आठ टीमें पहले ही क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग के माध्यम से क्वालीफाई कर चुकी हैं। अंतिम दो स्थान जिम्बाब्वे में क्वालीफायर टूर्नामेंट के अंत में निर्धारित किए जाएंगे, जो 9 जुलाई को समाप्त होगा। प्रत्येक टीम राउंड रॉबिन प्रारूप में अन्य नौ से खेलेगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### ोदी आज हैं, कल चले जाएंगे। आप लोगों को देश की रक्षा के लिए काम करना है: ममता

## 'मोदी हमेशा नहीं रहेंगे, निष्पक्ष होकर काम करें बीएसएफ'

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लगातार दूसरे दिन मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा नहीं रहेंगे इसलिए बीएसएफ को किसी के भी पक्ष में काम करने के बजाय निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए। सोमवार को भी कूचबिहार में जनसभा के दौरान उन्होंने केंद्रीय अर्धसैनिक बल पर लोगों को धमकाने का आरोप लगाया था। मंगलवार को जलपाईगुड़ी में



चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बीएसएफ पर हमला बोला।

ममता ने कहा, मोदी आज हैं, कल चले जाएंगे। आप लोगों को देश की रक्षा के लिए काम करना है इसलिए लोगों पर अत्याचार मत करिए। लोगों के साथ मिलकर काम करना सही है। ममता ने कहा कि जो लोग बीएसएफ की फायरिंग में मारे गए हैं उन्हें राज्य सरकार स्पेशल होमगार्ड में नौकरी और दो-दो लाख रुपये की वित्तीय मदद करेगी।

हालांकि इसकी वजह से उन पर चुनावी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का आरोप ना लगे इसके लिए उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि राज्य सरकार ने यह फैसला पहले ही लिया था। वह केवल एक बार फिर इसे दोबारा रही हैं।

### अंतिम पड़ाव पर है हज यात्रा, हज यात्रियों की परेशानियां नहीं हो रहीं कम

**नई दिल्ली:** हज यात्रा-2023 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। इस दौरान भारत से हज पर जाने वाले लोगों की अब तक मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब हज के अंतिम चरण के दौरान मीना और अराफात में खाने-पीने से लेकर बुनियादी सुविधाओं के अभाव का भी उनको सामना करना पड़ा है। हाजियों ने वहां भारतीय अधिकारियों से इसकी शिकायत की और विरोध भी जताया है। हज यात्रा के शुरू में ही सऊदी अरब के दो शहरों मदीना मुनव्वरा और मक्का शरीफ में भारतीय हज यात्रियों को ठहराने के लिए जिन भवनों का चयन किया गया था, वह काफी दयनीय स्थिति में है। साफ-सफाई की कमी थी। इसके अलावा भी कई तरह की अव्यवस्थाओं की शिकायत हज यात्रियों ने की थी। हज के अंतिम पड़ाव में अब मीना और अराफात में यात्रियों को खाने-पीने, एयर कंडीशन की खराबी, टॉयलेट ब्लॉक की कमी का सामना करना पड़ रहा है। खेमों की कमी की वजह से लोगों को चिलचिलाती धूप में रहने पर मजबूर होना पड़ा है। अफरा-तफरी और अव्यवस्थाओं की शिकायत के बावजूद इसका समाधान नहीं निकाला जा रहा है। मीना और मक्का में हज कमेटी के दफ्तर का हज यात्रियों के जरिए घेराव किए जाने की खबरें भी सामने आई हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने पंजाब के हज यात्रियों को होने वाली परेशानियों का मामला सरकार के समक्ष उठाया था।

## एनकाउंटर में 1.25 लाख का इनामी गुफरान मारा गया

### कौशांबी में एसटीएफ ने घेरा, 20 मिनट फायरिंग...जबड़े पर लगी गोली; 40 दिन से फरार था

**कौशांबी:** यूपी के कौशांबी में मंगलवार सुबह एसटीएफ ने एनकाउंटर में बदमाश गुफरान मारा गया। 1.25 लाख रुपए का इनामी गुफरान प्रतापगढ़ का रहने वाला था। एडीएजी प्रयागराज भानु भास्कर के मुताबिक, गुफरान के खिलाफ लूट, हत्या और हत्या के प्रयास के करीब 13 मामले दर्ज हैं। वो 16 मई 2023 यानी करीब 40 दिन से फरार चल रहा था।

इनपुट मिला था कि गुफरान कोखराज इलाके में टोल प्लाजा के पास आया है। तड़के 4.40 बजे



कोखराज एरिया में घेराबंदी की गई। उसने पुलिस को देखा तो मंझनपुर की ओर बाइक से भागने लगा। एसटीएफ ने उसका पीछा किया। समदा चीनी मिल के पास टीम ने घेरा तो गुफरान ने फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से करीब 20 मिनट तक फायरिंग हुई। इस दौरान एक गोली गुफरान के जबड़े में लगी। वह गिर गया। उसको अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह करीब 6 बजे गुफरान की मौत हुई है।

**कॉन्ट्रैक्ट किलर था गुफरान:** डीके शाही ने बताया कि गुफरान प्रतापगढ़ का कुख्यात अपराधी था। कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का काम करता था। कई दिनों से टीमें इसकी तलाश में लगी थीं।

### बदलाव के लिए उत्सुक है तेलंगाना की जनता: खड़गे

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि तेलंगाना की जनता राज्य में राजनीतिक बदलाव चाहती है। वहां लोग बदलाव के लिए तरस रहे हैं और वे कांग्रेस पार्टी की ओर देख रहे हैं। खड़गे ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनाएगी। हम हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि साथ मिलकर हम साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और सर्वांगीण सामाजिक कल्याण के आधार पर तेलंगाना के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत करेंगे। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद उत्साहित कांग्रेस तेलंगाना विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है।

## पिछले नौ सालों में भारत का सड़क नेटवर्क 59 प्रतिशत बढ़ा : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के कारण देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की कुल लंबाई लगभग 59 प्रतिशत बढ़ गई है। इस विस्तार के परिणामस्वरूप भारत के पास अब अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है।

गडकरी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां विषय पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 2013-14 में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किमी थी, जो 2022-23 में बढ़कर 1,45,240 किमी हो गई, जो इस अवधि के दौरान 59 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले नौ वर्षों में 4 लेन एनएच में वृद्धि लगभग दोगुनी हो गई है।



2013-14 में 4 लेन एनएच की यह लंबाई 18,371 किमी थी, जो पिछले नौ वर्षों में बढ़कर 44,654 किमी हो गई है। गडकरी ने कहा कि फास्टैग की शुरूआत के साथ टोल संग्रह में महत्वपूर्ण उछाल आया है। मंत्री ने आगे बताया कि टोल से राजस्व संग्रह 2013-14 में 4,770 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 41,342 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2030 तक टोल राजस्व को 1,30,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है। गडकरी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय भी कम हो गया है। 2014 में टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय 734 सेकेंड था, जबकि 2023 में यह घटकर 47 सेकेंड हो गया है। हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही इसे घटाकर 30 सेकेंड पर ला देंगे। मंत्री ने एक शोध का हवाला देते हुए कहा कि फास्टैग से टोल प्लाजा पर इंतजार का समय घट गया है और इससे लगभग 70,000 करोड़ रुपये के ईंधन खर्च की बचत हुई है। नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र में सड़क राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुखद अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से 670 सड़क किनारे सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## 'मिशन लाइफ' जीवनशैली में निभा रहा अहम भूमिका'

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने केन्द्र सरकार के नौ साल का ब्योरा देते हुए मंगलवार को कहा कि इन वर्षों में भारत में वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन को लेकर जो एक संकल्प लिया गया है, उसमें भारत ने कार्य आधारित सोच को लेकर काम किया है। आज दुनिया भर में लोगों के बेहतर जीवनशैली में प्रधानमंत्री का 'मिशन लाइफ' एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में



कांग्रेस के समय में वन विभाग से मंजूरी मिलने में देरी होती थी और साथ ही वसूली भी हुआ करती थी। उस समय यह 600 दिन में हुआ करते थे, आज महज 70 दिनों के भीतर ही मंजूरी के मामले निपटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में एक बड़ा विजन दिया है-मिशन लाइफ।

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ताओं के कोप भाजन का शिकार हुए तहसीलदार विशाल शर्मा

**मेजा।** आखिर कार प्रशासन द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार मेजा विशाल शर्मा का स्थानांतरण कर ही दिया गया। बता दें कि मेजा तहसील में तैनात रहे तहसीलदार डॉक्टर विशाल शर्मा को वकीलों की नाराजगी का शिकार होना पड़ा, जिसे लेकर उनका स्थानांतरण कर दिया गया। गौरतलब है कि डॉ विशाल शर्मा पर वकीलों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बवाल काटा था। वकीलों ने आरोप लगाया था कि तहसीलदार विशाल शर्मा अवैध तरीके से पैसा वसूली करते हैं। इसी को लेकर वकीलों ने समाधान दिवस में नाराजगी व्यक्त करके जमकर बवाल काटा था और तहसीलदार "चोर है चोर है" के नारे भी लगाए थे। अंततः कोर्ट काम भी बंद करना पड़ा था। कई बार वकीलों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से भी किया था। आखिरकार मामले को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार का स्थानांतरण बरेली जनपद करदिया गया।

### सिस्टम में दीमक बना कमीशन ग्यारह महीने का पंचायत सहायक का नहीं दिया मानदेय

# मानदेय के अभाव में दर्जन भर से अधिक पंचायत सहायक सचिवों ने छोड़ दी अपनी नौकरी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज पंचायती राज व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर सरकार द्वारा पिछले साल प्रत्येक गांवों में बनाए गए पंचायत सचिवालयों में पंचायत सहायकों की प्रति महीने 6 हजार रूपए मानदेय पर पंचायत सहायकों की नियुक्ति मैरिट के आधार पर की गई थी, जिसकी जिम्मेदारी गांव में विकास कार्य से लेकर सभी कार्यों का लेखा जोखा कम्प्यूटर पर अपडेट करने की आदि जिम्मेदारी दी गई थी, जिनके मानदेय का भुगतान प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा डोंगल के माध्यम से किए जाने का शासन स्तर से निर्देशित किया गया था, लेकिन सिस्टम के खेल ने व्यवस्था को तार तार कर दिया जिसकी वजह से पंचायत सहायक मानदेय के अभाव में नौकरी छोड़ना मजबूरी बन गई है, करछना ब्लाक में तैनात 77 पंचायत सहायकों में सिर्फ 13 का मई तक हुआ है मानदेय भुगतान करछना ब्लाक के गांव लिगदहिया में तैनात पंचायत सहायक संदीप सिंह का एक वर्ष से मानदेय लंबित है उदाहरण है 77 पंचायत सहायकों में से सिर्फ 13 लोगों को ही मई तक का मानदेय भुगतान किया गया है। वहीं अप्रैल में 54 पंचायत सहायकों को वेतन दिया गया है। जिले और ब्लाक के अफसरों की फटकार के बाद भी सचिव और प्रधान मानदेय देने में देरी कर रहे हैं। कुछ पंचायत सहायकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनसे प्रतिमाह एक हजार रुपये कमीशन की मांग की जाती है। जो पंचायत सहायक कमीशन नहीं देते हैं, उनका मानदेय कई महीने रोक दिया जाता है। ऐसे में कहीं भी शिकायत करने पर उन्हें नौकरी से निकाले जाने की धमकी दी जाती है। करछना ब्लाक में 80 गांव हैं। इनमें तीन पंचायत सहायकों के पद रिक्त चल रहे हैं। वर्तमान समय में 77 पंचायत सहायक गांवों में कार्य कर रहे हैं। 26 जून को ब्लाक से भेजी गई रिपोर्ट में व्यवस्था की पोल खुल गई है। मानदेय भुगतान में सचिवों की ओर से खूब लापरवाही की गई है। कई ऐसे गांव है जहां पांच से छह माह तक का मानदेय रोका गया है। प्रधानों की निजी रंजिश और सचिवों को कमीशन नहीं देने वाले पंचायत सहायक भ्रष्टाचार के शिकार हो रहे हैं। वहीं अफसरों की फटकार और कार्रवाई के बाद भी सचिवों में सुधार नहीं हो रहा है। पिछले दिनों ब्लाक में बैठक के दौरान एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा ने सभी को चेतावनी दी थी कि अविलंब मानदेय का भुगतान कर दिया जाए। हालांकि उसके बाद भी कोई असर नहीं हुआ।

#### इन गांवों में कई महीने से लंबित है मानदेय

अमिलो, रामगढ़, टकटैया, घोरहट, कौवा, महेवा, मुंगारी, जगौती, बसरिया, बेंदौ, घटवा, हिंदूपुर, लिगदहिया, मनैया, बस्तर, घोड़ेडीह, खाई, मझुआ, वीरपुर, भड़ेवरा, भुंडा, चंदौली, मड़वा, भरहा, गंधियाव, हर्रई, पुरैनी आदि ऐसे गांव हैं, जहां मई या उससे पहले कई माह तक के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। महज छह हजार रुपये मानदेय पाने वाले पंचायत सहायकों के पास आय का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। ब्लाक, ग्राम सचिवालय के अलावा उनसे चुनाव के भी काम कराए जाते हैं। इसके बाद भी कोई अधिकारी उनके हक के लिए सख्ती नहीं करता है।

#### मजबूरी में दे रहे इस्तीफा

करछना ब्लाक में तैनात दर्जनों पंचायत सहायक अब तक इस्तीफा दे चुके हैं। उनके पत्र में भले ही निजी कार्यों से इस्तीफा देने की बात लिखी हो लेकिन हकीकत में अधिकांश पंचायत सहायक सचिव और प्रधान की धमकी, कमीशनखोरी और मनचाहा काम न करने के कारण नौकरी छोड़ दिए। नियुक्ति के समय नियमों में खेल नहीं कर पाने वाले सचिव और प्रधानों ने नियुक्ति के बाद दबाव बनवाकर इस्तीफा ले लिया। कई मामलों में ब्लाक से लेकर जिले तक शिकायतें भी हुईं लेकिन ऊंची पहुंच के कारण सचिव और प्रधानों का कुछ नहीं बिगड़ा।

इस विषय में डीपीआरओ ने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों और सचिवों को निर्देशित किया गया है कि अविलंबि लंबित मानदेय का भुगतान कराएं। कमीशन मांगने वाले सचिवों पर कार्रवाई होगी। जबरन प्रधान या सचिव इस्तीफा मांगते हैं तो इसकी सूचना सभी पंचायत सहायक जिले पर दें। टीम गठित करके कार्रवाई की जाएगी।

**आलोक सिन्हा, डीपीआरओ**

# जीवन सुरक्षित रखने के लिए जल का भंडारण जरूरी : गंगा प्रसाद मिश्र

अखंड भारत संदेश

### जल जीवन मिशन के तहत मेजा ब्लॉक में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन




**मेजा।** मंगलवार को मेजा ब्लॉक के सभागार में जल जीवन मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ,जिसमें प्रशिक्षकों ने पानी के संरक्षण और उनके उपयोग पर विचार रखा। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पानी का भंडारण जरूरी है। श्री मिश्र ने कहा कि वर्तमान परिवेश में लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, जो आगामी दिनों के लिए घातक साबित होगा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक संतोष गुप्ता ने मिशन के तहत लोगों को जल से होने वाले फायदे और नुकसान के बारे में विस्तार से बताया और उसके समाधान की जानकारी दी। प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ल ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना के बारे में जानकारी दी।शिविर में नमामे गंगे द्वारा चलायी जा रही स्कीम हर घर जल हर घर नल से सभी को पानी मिल सके शुद्ध पानी ग्रामीणों को मिले उसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जल समितियों का गठन करना होगा, जिसमें 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। एई संदीप मौर्य ने मेजा,मांडा में पानी की समस्या पर चर्चा करते हुए जल की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। शिविर का आयोजन मेरा पथ एजुकेशन लिमिटेड नोएडा द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि गंगा प्रसाद मिश्र व जिला पंचायत सदस्य नंदलाल पटेल द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित प्रधानों व ग्राम रोजगार सेवकों को सम्मानित करते हुए किट वितरित किया गया। ब्लॉक क्वार्डिनेटर आकाश गर्ग, आदर्श मिश्र, दिलीप यादव और संदीप बिंद का सहयोग सराहनीय रहा।कलस्टर हेड विनीत शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन अनुज पांडेय ने किया।इस मौके पर प्रमुख रुप प्रधान पंकज राव, संजय कुशवाहा, रामजी यादव, इंद्र कुमार, राकेश कुमार, रिजवान, हीरामणि, पुष्पराज सिंह, राजेंद्र मिश्रा, अशोक कुमार, राजेश पाठक, राजेंद्र पांडे, अमित सिंह, सुभाष तथा रोजगार सेवक अर्चना देवी, प्रशांत यादव, सुजीत कुमार, शिव बाबू,संजय तिवारी,आशुतोष मिश्र,मयंक और सीताराम सहित सभी प्रधान व रोजगार सेवक मौजूद रहे।



### जल जीवन हर घर जल मिशन के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**मऊआइमा।** दो दिवसीय जल जीवन मिशन का कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड सभागार में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम स्तर के सरकारी एंव कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम," जल जीवन मिशन" नमामी गंगे एवम ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग,जल शक्तीमंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार के आयोजक मेरा पथ एजुकेशन नोएडा, प्रायोजक राज्य पेयजल एंव एजुकेशन द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बीडीसी, ग्राम प्रधान ,जिला पंचायत सदस्य मौजूद थे। मुख्य अतिथि बीडीओ मऊआइमा गौरेन्द्र सिंह ,मुख्य ट्रेनर ओमप्रकाश, ब्लाक खोआडिनेटर शिवजी राठौर, अभीषेक शुक्ला ,तथा विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत सदस्य अंकेश कुमार पटेल ,सरताज आलम मौजूद थे। इस अवसर पर बीडीओ गौरेन्द्र सिंह सभी को किड भेंट किए।

### तमंचे से फायरिंग करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इसीपुर मलावा में नाली के विवाद में मारपीट के बाद अपने भाभी के ऊपर तमंचे से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने तमंचा भी बरामद किया है। इसीपुर मलावा के जावेद व जैद दोनों सगे भाई हैं रविवार की सुबह नाली को लेकर जैद व जावेद की पत्नी अमीना के बीच बहस होने लगी। देखते ही देखते दोनों परिवार आपस में मारपीट करने लगे। आरोप इस दौरान जैद ने तमंचे से फायर कर दिया और तमंचे के बट से मारकर अमीना का सर भी फोड़ दिया। चौकी इंचार्ज रहीमापुर जितेंद्र राजपूत मुखबिर की सूचना पर शेरडीह गांव के पास से जैद को गिरफ्तार कर 315 बोर का तमंचे व एक खोखा बरामद कर मंगलवार को उसे जेल भेज दिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन

### कार्यकर्ताओं ने किया वर्चुअल संवाद



अखंड भारत संदेश

**जारी।** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत वर्चुअल संबोधन प्राप्त हुआ। मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी के निदेशानुसार एवं ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा के द्वारा लगवाई गई एलईडी के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी मंडल कौंधियारा के कार्यकताओं द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं विश्व के लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का वर्चुअल संवाद सुना गया। इस अवसर पर कांटी के जेपीएस स्कूल में एलईडी के माध्यम से लोगों ने नड्डा जी एवं मोदी जी का मार्गदर्शन प्राप्त प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्र नाथ मिश्रा , जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला (प्रचंड) कौधियारा मंडल के प्रभारी वेदेश दत्त पांडे, मंडल उपाध्यक्ष इंद्रजीत पटेल, बूथ अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी , शक्ति केंद्र संयोजक ,बृजेश आदिवासी, आजाद सिंह पटेल ,कुलदीप पांडे व सुधाकर पटेल , रावेंद्र पाठक ,नरेंद्र यादव ,अनिल मिश्रा, सतीश वर्मा, श्री राम बिंद ,महामंत्री सुरेश चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी गौरीशंकर बिंद, एवं महा संपर्क अभियान के संयोजक व मंडल महामंत्री दिनेश प्रजापति आदि सैकड़ों कार्यकताओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### मोदी ने कार्यकताओं को सिखाए बूथ मजबूत करने का गुण

**झूंसी।** केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत कार्यकताओं को संबोधित किया। झूंसी के सेंट्रल एकेडमी स्कूल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बूथ मजबूत करने के तरीके बताएं। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने सरकार के कार्यो की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी द्विवेदी ने भी केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम में एसके तिवारी, दिलीप निषाद, प्रभाकर द्विवेदी, पिंटू अग्रवाल, सियाराम मौर्या, आरती अग्रवाल, पंकज ओझा, सत्या तिवारी, अरुण मिश्र आदि मौजूद रहे।



# कार्यकताओं ने सुना पीएम मोदी की वर्चुअल रैली

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भोपाल से सीधे वर्चुअल के माध्यम से देश के सभी कार्यकताओं से मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम के माध्यम से संवाद करते हुए मार्गदर्शन किया । सहसों सहित सभी मंडलों में कार्यकताओं ने उत्साह पूर्वक शामिल होकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनते हुए आत्मसात किया। इस अवसर पर फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल, ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने संवाद कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी कार्यकताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन कार्यकताओं की मेहनत व परिश्रम के बल पर ही केन्द्र व प्रदेश में सरकार बनाकर किसानों, गरीबों एवं महिलाओं के उत्थान व विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य करके उनके जीवन स्तर को सुदृढ़ बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादाई संबोधन से कार्यकताओं में उत्साह के साथ कार्य करने में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से हर बूथ को मजबूती मिलेगी तथा संगठन को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर राजधर द्विवेदी, रमेश कुमार द्विवेदी, अनिल सरोज, जय प्रकाश दूबे, सत्यम मिश्रा, प्रताप बहादुर सिंह, पुष्कर सिंह पटेल, राकेश केसरवानी, भूपेन्द्र मिश्रा, संदीप द्विवेदी, श्रीकांत त्रिपाठी, पवन शुक्ला, चन्द्रभान सिंह, राघवेन्द्र सिंह सिगरौर, पुष्पेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





वर्चुअल कार्यक्रम में मौजूद विधायक प्रवीण पटेल व अन्य एवं कार्यक्रम को सुनते भाजपाई।

# जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी की अगुवाई में कार्यकताओं ने किया वर्चुअल संवाद



**लालापुर/जसरा।** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भाजपा कार्यकताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत वर्चुअल संबोधन प्राप्त हुआ। जसरा मंडल और लालापुर मंडल के कार्यकताओं को वर्चुअल संबोधन के बाद भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने बूथ अध्यक्ष और मंडल के सभी कार्यकताओं को संबोधित किया भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर जनसंपर्क अभियान चला कर सरकार के द्वारा कराएं जा रहे विकास कार्यों को जनमानस तक पहुंचाए जिससे की लोगों को पता चले की भाजपा की मोदी सरकार का विकास जमीन पर दिखता है। वर्चुअल संबोधन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला व वंदना सिंह, मंडल प्रभारी रंग बली पटेल, मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी, भूपेंद्र पाठक, कप्तान सिंह, व शैलेंद्र पांडेय, लालापुर प्रधान शंकर लाल पांडेय, होरीलाल केसरवानी, आलोक पाठक, हजारी लाल पटेल, दीपचंद्र गुप्ता, जसरा प्रधान आशीष सोनकर, राजा बाबू पाठक, राम केसरवानी, शंकर लाल गुप्ता, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### साइकिल से घर आ रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत



**मऊआइमा।** साइकिल से सब्जी लेकर घर आ रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान 18 दिन बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासी बृजलाल गुप्ता 70 वर्ष पुत्र राममनोहर सात जून को बेनीपुर से सब्जी लेकर साइकिल से घर आ रहे थे। बताते हैं कि जैसे वह बेनीपुर सार्वजनिक शौचालय के पास पहुंचे सामने से तेज रफतार से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। बृजलाल को जख्मी हालत में पहले सी एच सी मऊआइमा लाया गया फिर बेली में उपचार कराया जा रहा था। बाद में घर पर लाकर इलाज किया जा रहा था। बीती रात बृजलाल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भतीजे महेंद्र कुमार ने मऊआइमा थाने बाइक चालक संदीप कुमार पुत्र लल्लू राम ग्राम बसरही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### रिया ब्यूटी पार्लर एंड ट्रेनिंग सेंटर का हुआ आगाज



**मेजा।** मेजारोड़ कोहड़ार मार्ग पर रिया ब्यूटी पार्लर का आगाज होने से लोगो हर्ष व्याप्त है। सोमवार को शिमला श्रीवास्तव की देख रेख खोली गई उक्त दुकान का भव्य तरीके से उद्घाटन किया गया जिसके मुख्य अतिथि गौरी देवी अस्पताल के निदेशक नारायण कुमार मंडल रहे। उल्लेखनीय है कि उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरीख हुए श्री मंडल ने कहा कि रिया ब्यूटी पार्लर एंड ट्रेनिंग सेंटर खुलने से आस की लड़कियों एवं महिलाओं को हुनर सीखने का मौका मिलेगा उन्हें ईधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इतना ही नहीं डॉ मंडल ने यह भी कहा किआज हमारी पढ़ी लिखी लड़कियों की समाज में जिस प्रकार की उपेक्षा हो रही है वह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां हुनर मंद होगी तो उन्हें रोजगार का अवसर मिलेगा और समाज में उनकी इज्जत होगी इस मौके पर डॉ माधुरी मंडल सुनैना यादव बब्बू पांडे डॉक्टर मूलचंद प्रजापति मदन पांडे मनोज तिवारी डबल तिवारी यादि लोग मौजूद रहे।

### पाइप लाइन टूटी, ट्रक गड्ढे में फंसीं आवागमन बाधित



**जंघई।** हंडिया-जंघई मार्ग से दशमी बाग होते हुए असवां जाने वाली सड़क पर अष्टभुजा गेट के पास विगत कई महीनों से जल निगम की पाइप लगभग आधा दर्जन जगहों पर टूटी हुई है जल भराव के कारण जगह जगह गड्ढे हो गए हैं आवागमन बाधित रहता है लोग गिरकर चुटहिल हो रहें हैं लेकिन जल निगम के कर्मचारी टूटी पाइप की मरम्मत नहीं करवा रहे हैं। प्रतिदिन आवागमन करने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है मंगलवार को अष्टभुजा गेट के सामने बालू लदी ट्रक गड्ढे में फंस गई जिससे आवागमन बाधित हो गया है। बार बार जल निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रार्थना पत्र देकर मरम्मत कार्य हेतु कहा गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा जिसके कारण आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

### मऊआइमा स्लाटर हाउस का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**मऊआइमा।** मऊआइमा के स्लाटर का पुलिस उपायुक्त सहित अनेकों अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए कहे कि कुबार्नी का मांस अपने घर ढठ कर ले जाएं तथा स्लाटर हाउस को चारों तरफ पर्दा लगा दें। मऊआइमा नगर पंचायत के स्लाटर हाउस का पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार सिंह, इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार कुश्वाहा, चेयरमैन शोएब अंसारी, नगर पंचायत के ईओ प्रदीप कुमार मिश्रा ,वरिष्ठ लिपिक हीरालाल ,भारत यादव ,मोहम्मद आजम ,कुल्लू आदि के अलावा समस्त सफाई कर्मचारियों की मौजूदगी में निरीक्षण किया गया। तथा कहा गया है कि आगामी 29 जून को बकरीद के पर्व पर कुबार्नी का मांस ढक कर ले जाएं। तथा स्लाटर हाउस को तंबू लगा कर चारों तरफ बंद कर दें और सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दें। और त्योहार आपसी भाई चारा के साथ मनाएं।

### जल जीवन मिशन : 20 पंचायतों के वार्ड सदस्य प्रशिक्षित



**करछना।** यूनाइटेड नेशन प्रोजेक्ट सर्विसेज ऑफ के तहत करछना विकास खंड के प्रधानों पंचायत सदस्यों, लेखपालों, पंचायत सचिवों एवं सामाजिक कार्यकताओं सहित सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों से जुड़े लोगों को हर घर जल योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन " हर घर जल" की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके को लेकर करछना ब्लाक सभागार में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना में 2024 तक जल जीवन मिशन में हर घर जल एवं नल हों अंतर्गत मंगलवार को विकास खण्ड स्तरीय दो दिवसीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम स्तर के सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मियों को "प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षित किए गए जिसमे बीस ग्राम पंचायत के वार्ड मेम्बर को प्रशिक्षण दिया गया,उपस्थित ग्राम पंचायत सदस्य- विभव नाथ ,देवरी कला, चंद्र बहादुर ,रोकडी,संगीता पटेल, पचदेवरा मुकेश कुमार ,रामगढ आदि सहित बडी संख्या में महिला वार्ड सदस्यों ने बढ़चढ़ कर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया, आयोजक संस्था - मेरापथ एजुकेशन लिमिटेड नोएडा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा क सूर्य प्रकाश निषाद ब्लॉक कोआर्डिनेटर, शिवा कांत द्विवेदी, (ट्रेनर ) अजीत कुमार, नारायण द्विवेदी, राजेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### बकरीद, कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील



**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी पुलिस चौकी परिसर में दिन मंगलवार को धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें कांवड़ यात्रा और बकरीद पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। तो वहीं मौजूद लोगों ने कहा कि रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग में लगी स्ट्रीट लाइट कहीं-कहीं पर जल रही है ज्यादातर लाइटें खराब पड़ी हुई है । जिससे अंधेरा होने के कारण कावड़ यात्रा करने वालों को भी दिक्कत होगी और दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा की कांवड़ यात्रा व बकरीद का पर्व आ रहा है। दोनों पर्व को शांति पूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। कौंधियारा थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी ने भी कहा कि धर्मगुरुओं से बकरीद व कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की। उन्होंने बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न देने और कुबार्नी के बाद सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड न करने की भी अपील की। जारी कस्बे में पैदल गस्त कर सुरक्षा का जायजा लिया गया। इस अवसर पर सुबोध कुमार साहू ,बबलू केसरवानी, पिंटू सिंह, सोनू यादव, बिहारी लाल जायसवाल, विकास, नीरज, विनोद, रोहन, विमलेश अग्रहरी प्रदीप गुप्ता , मोहम्मद सलीम, मोहम्मद अशरफ, अकबर अली अंसारी, मोहम्मद फरीद ,ग्राम प्रधान व्यापारी गण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### घर मे घुसे चोरो ने लाखों के जेवरात व नगदी समेट कर फरार

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में सोमवार की रात एक मकान में घुसे चोरो ने लाखों के जेवरात व नगदी समेट कर फरार हो गए। घर मे सो रहे परिजनों को सुबह घटना की जानकारी हुई तो मामले की शिकायत पुलिस की। मौके पर पहुची पुलिस ने जांच की पर रिपोर्ट दर्ज नही की। कोटवा निवासी रामबाबू मौर्या के घर में छत के सहारे घुसे चोरों ने कमरे में रखी अलमारी की तिजोरी का ताला तोड़कर ढ़ा?ई लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात, 25 हजार रुपए नगद व मोबाइल उठा ले गए। मामले में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि घटना की जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। स्थानीय लोगो की माने तो एक हफ्ते पहले कोटवा के ही संतलाल यादव की गुमटी का ताला तोड़कर चोर मोबाइल, पैसा, सामान चुरा ले गए थे। लिखित शिकायत के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की।

# रायबरेली की एसओजी टीम ने बदमाशों को दौड़ाकर दबोच

**दारागंज परेड मैदान से ट्रक लूट में वांछित दोनो बदमाश कार लेकर तेजी से भागे तो बिजली के खंभे से जा टकराई, भागते समय घेरकर पकड़ लिया**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दारागंज परेड मैदान में उस समय हड़कंप मच गया रायबरेली की एसओजी टीम ने दारागंज के परेड मैदान से ट्रक लूट में वांछित दो बदमाशों को दौड़ाकर दबोच लिया। पुलिस से बचने के लिए बदमाश कार लेकर तेजी से भागे तो बिजली के पोल से टकरा गई। तब उन्हे घेरकर पकड़ा गया। बदमाशों की कार पर भाजपा का झंडा भी लगे होने की जानकारी सामने आ रही है। कहा जा रहा है की अभियुक्तों ने फार्यरिंग की, लेकिन दारागंज पुलिस इससे इन्कार कर रही है। एसीपी चिराग



जैन ने बताया की लालगंज रायबरेली से ट्रक लूट में वांटेड दो अभियुक्त को रायबरेली की एसओजी टीम पकड़कर ले गई है। फार्यरिंग की पुष्टि नहीं हुई है।

### खेत की रखवाली करते समय हुआ जान लेवा हमला

**प्रयागराज।** सोमवार की रात खेत की रखवाली करते समय किसान के ऊपर धारदार हथियार से लैश बदमाशों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। किसी तरह बदमाशों के चंगुल से बचकर किसान भागा और गांव में पहुंचकर अपनी जान बचाई। हमलावरों के हमले से खेत की रखवाली कर रहा किसान गंभीर रूप से घायल हो गया है। गंभीरावस्था में घायल किसान घर पहुंचा तो किसान की हालत देखकर परिजनों के होश उड़ गए और आनन - फानन में पुलिस को सूचना देते हुए घायल किसान को इलाज हेतु प्रयागराज ले गए और एसआरएन हॉस्पिटल में एडमिट कर दिए जहां पर गंभीर घायल किसान का इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी बिशुन भारतीय उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व राम लौटन किसानी कर परिवार का पालन - पोषण करता है। घायल किसान अपने खेत में कोहड़ी लगाया है और आवारा पशुओं से बचाने के लिए रात में रखवाली भी करता है। प्रत्येक दिन की तरह सोमवार की रात को किसान खाना - पीना करने के बाद खेत की रखवाली करने चला गया। खेत की रखवाली करते समय जब किसान को नींद की झपकी आई तब किसी ने किसान के ऊपर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। किसी तरह हमलावरों के चंगुल से बचकर किसान ने अपनी जान बचाई। सूचना पर पूरामुफ्ती पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर हमलावरों को गिरफ्तार करने में जुट गई है।

## उद्योग व्यापार मण्डल ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरुद्ध डीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के आवाहन पर प्रयाग व्यापार मंडल ने अपनी सभी सम्बद्ध इकाइयों से साथ मिलकर ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में ज़िलाधिकारी कार्यालय पर ज़िलाधिकारी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जहां एक तरफ प्रधानमंत्री जी की नीतियों से देश में सभी वर्गों को लाभ मिल रहा हैं परंतु देश में कुछ चुनिंदा बड़े उद्योगपतियों की वजह से लगभग 7 करोड़ छोटे खुदरा व्यापारी ऑनलाइन ट्रेडिंग की वजह से सीधा प्रभावित हो रहे हैं और बंदी की कगार पर आ गए हैं।इन व्यापारी को साथ साथ उनके कर्मचारी व उनके परिवार भी सीधे सीधे प्रभावित हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रयाग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष राना चावला, महामंत्री सोहैल अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील खरबंदा, ज़िलाध्यक्ष मो० कादिर, गुरुचरण अरोरा चन्नी,सरदार जतिंदर मोअकरम सरदार प्रीतम सिंह, शिवशंकर सिंह , गुफरान अहमद, अखिलेश सिंह, ज्ञान प्रकाश केसरवानी, महमूद अहमद खान, अनिल दूबे अन्नु, शिवम जयसवाल सुधीर मिश्रा ,राजेश गुप्ता, धनंजय सिंह, अतुल केसरवानी, विद्यासागर केसरवानी, शाहिद कमाल खान बबलू, सुरेंद्र यादव, सरदार दिलजीत सिंह, कृष्णा बहादुर केसरवानी, ओम्प्रकाश अग्रहरी, विनोद केसरवानी, अनूप केसरवानी, सत्यप्रकाश मिश्रा, रॉबिन केसरवानी, श्याम केसवानी, जियाउद्दिन नब्बू, अनुज अग्रवाल, रवि बाबू केसरवानी, सूरज सोनकर, अनिमेष अग्रवाल, फैयाज अहमद, अनिल कुशवहा, रोहित अरोरा, निखिल मलंग, धर्मेंद्र दिवेदी, महेंद्र चौरसिया, राकेश केसरवानी, मोईन अख़्तर, राकेश जैन, नरेंद्र खेरा मॉंटू, नव जयसवाल नरेंद्र सिंह, आकाश जयसवाल, प्रदीप सचदेव बिट्टू, शानू यादव, रवि तिवारी, दुष्यंत जयसवाल, अचल अग्रवाल, आलोक राय, उमेश केसरवानी, रितेश शर्मा, नवदीप गुलाटी, पार्षद साहिल अरोरा व अन्य व्यापारी सम्मिलित रहे।

## कांग्रेस का जातीय जनगणना कराओ महासम्मेलन आज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश में जुटी कांग्रेस ने मोदी सरकार और भाजपा को घेरने के लिए अब जाति जनगणना को मुद्दा बनाया है। यूपी में जातीय जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस के महासम्मेलन की शुरूआत आज आलोपीबाग स्थित पटेल सेवा संस्थान के हाल में हो रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के साथ सामाजिक कार्यकताओं व पिछड़ी जाति को साथ लेकर सम्मेलन करने की घोषणा पूर्व में किया था। मंगलवार को जीरो रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में गंगापार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा की सरकार जाति गणना कराने से खुद पीछे हट रही है। ऐसे में भाजपा सरकार जातीय गणना कराने में क्यों हिचकिचा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में भाजपा द्वारा साजिश के तहत ओबीसी आरक्षण छीनने की लड़ाई कांग्रेस निरंतर लड़ती रही है। आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा हमेशा से पिछड़े, दलितों और कमजोरों का हक मारने की फिराक में रहती है लेकिन उसकी इन कार गुजारियों का




पदार्फाश महा सम्मेलन में किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि सम्मेलन में जातीय गणना कराने की पुरजोर मांग की जाएगी साथ ही सरकार के पीछे हटने पर बड़ा आंदोलन करने का एलान भी किया जायेगा। सुरेश यादव ने पत्रकार वार्ता में बताया की सम्मेलन को सफल बनाने का प्रयास किया जायेगा। जिसमें प्रदेश कांग्रेस के अलग अलग प्रांतो से कई दिग्गज नेता प्रातः 10:30 बजे से ही जुटने लगेंगे। सम्मेलन में जिला शहर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी को शामिल होने का आवाहन किया गया है इस दौरानः सुरेश यादव, हसीब अहमद, रईस अहमद, लाल सिंह पटेल, परवेज अशफाक सिद्दीकी, राकेश पटेल, जितेश मिश्रा, मनोज पासी, एहतेशाम अहमद, सुनील यादव, मो०हसीन , छोटेलाल पटेल, रोहित कुशवाहा, अब्दी इलाहाबादी समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### लाज पर जबरन घुसकर की तोड़ फोड़, सोनी की चेन भी छीना मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** थाना कर्नलगंज की रहने वाली शमीम बानो प्राइमरी स्कूल के पीछे बख्तियारी पुराना कटरा की रहने वाली है। उनकी छोटी बहेन अमरीन जो कानपुर में रहती है। जिसका प्रयागराज के बख्तियारी कटरा एक लाज है। उसकी देख रेख छोटी बहन के बाहर रहने के कारण बड़ी बहन शमीम बानो व उनका भांजा फैज हसीन करता है। लाज चलाने को लेकर वही बख्तियारी पुराना कटरा मकान नं0 16/14 में के रहने वाले छोटू उर्फ कामरान ईशान उर्फ शालू व उनकी मां परवीन बानो ने तीन लाख गुंडा टैक्स माँगा लेकिन मामला उल्टा पढ़ गया मामला थाना जा पंहुचा थाना कर्नलगंज में मुकदमा दर्ज हुआ। पीड़िता का आरोप है की यह लोग आपराधिक प्रवित्ती लोग है इनके ऊपर कई थानो में गौतस्कर, चोरी, रंगदारी सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इनलोगो का कहना अगर यहाँ लाज चलाना है तो गुंडा टैक्स देना होगा नहीं तो लाज नहीं चला पाओगी। कुछ दिन पहले पीड़िता के लाज में जबरन घुसकर तोड़ फोड़ करने लगे जानकारी मिलती ही बहेन व भांजा वहा पहुंचे और इसका विरोध किया वह लोग मारपीट पर उतारू हो गए और गले में पहनी सोने की चेन साढ़े तीन तोला की छीन लिया।

## मैदानी क्षेत्र में बारिश से बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी में यमुना का जलस्तर बढ़ा प्रयागराज पहाडी और मैदानी क्षेत्र में बारिश का असस प्रयागराज में दिखाई पड़ने लगा है। यहां गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। बीते 24 घंटे (रविवार सुबह आठ बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक) में गंगा का जलस्तर (फाफामऊ) छह सेमी बढ़ा है। इसी अवधि में संगम का जलस्तर नौ और नैनी में यमुना का जलस्तर तीन सेमी बढ़ा है पहाड़ों में बारिश के बाद अब बैराजों से भी पानी का डिस्वाजर्ज बढ़ाया गया है। हरिद्वार बैराज से शुक्वार को 75 हजार क्यूसेक से अधिक पानी गंगा में छोड़ा गया। एकदिन पहले बैराज से 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सिंचाई विविभाग (बाढ़ प्रखंड) के इंजीनियरों का कहना है कि हरिद्वार बैराज से छोड़े गए पानी का असर एक सप्ताह बाद दिखाई पडेगा।





## भ्रष्टाचार अत्याचार जुर्म के विरोध में कांग्रेसी 1 जुलाई को करेंगे प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** भ्रष्टाचार अत्याचार व जुर्म के विरोध में कांग्रेश पार्टी का तहसील मुख्यालय कोरांव पर एक जुलाई को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। जिसको सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक रामकृपाल कोल के नेतृत्व में बैठक कर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। धरना प्रदर्शन के जरिए अधिकारियों की तानाशाही, भाजपा सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा न करने, एवं गरीब भूमिहीनों को जबरदस्ती सरकारी जमीनों से बेदखल करने, गरीब पट्टेदारों की भू माफियाओं के द्वारा भूमि हथियाने के विरोध में आवाज बुलंद की जाएगी। कांग्रेस पार्टी ने धरना प्रदर्शन को लेकर अपने एजेंडे में बताया है कि देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले भाजपा के लोग यह



कह रहे थे कि देश में भ्रष्टाचार, अत्याचार, गुंडाराज बढ़ गया है। जबकि कांग्रेस सरकार से कई गुना अधिक भ्रष्टाचार अत्याचार और जुर्म बढ़ने के बावजूद भी गूंगी बहरी सरकार के नौकरशाह बेलगाम हो गए हैं। पथ भ्रष्ट अधिकारियों एवं नेताओं को धरना प्रदर्शन के जरिए चेतावनी दी जाएगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश शुक्ला, शंकरलाल, झल्लू आदिवासी, ब्लॉक अध्यक्ष आसाराम मिश्र, दिनेश चौधरी समेत कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अतीक की बहन आयशा ने एससी में दाखिल की याचिका

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल को प्रयागराज में पुलिस कस्टडी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। माफिया अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं। आयशा ने अपने भाई अतीक और अशरफ की हत्या की जांच सुप्रीम कोर्ट से कराने की मांग की है।उनका आरोप है कि उसके भाईयों की हत्या के पीछे सरकार का हाथ है। मामले में निष्पक्ष जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित किए जाने की मांग की गई है। आयशा ने अतीक के तीसरे नंबर के बेटे असद के एनकाउंटर को भी फर्जी बताया है। इस एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग आयशा नूरी ने अपने याचिका में की है। वहीं, इसके पहले असद के एनकाउंटर के बाद सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी ने याचिका दाखिल कर न्यायिक जांच की मांग की थी। इस याचिका पर भी तीन जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

**मेडिकल टेस्ट के दौरान हुई थी अतीक-अशरफ की हत्या :** दरअसल, 24 फरवरी को प्रयागराज के सुलेमसराय में उमेश पाल व सुरक्षाकर्मियों की दिन दहाड़े हत्या के बाद अतीक के परिवार वालों की मुश्किलें बढ़ने लगी थीं। इस हत्याकांड में अतीक के तीसरे बेटे का वीडियो सामने आया था जिसने उमेश पाल पर गोलियां चला रहा था। असद को रळऋने 13 अप्रैल को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया था।

**लिखा - दोनों भाइयों की हत्या में सरकार का हाथ, रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच कमेटी बने**

इसके बाद 15 अप्रैल की रात मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल में मेडिकल चेकअप के दौरान तीन युवकों ने अतीक और अशरफ की हत्या कर दी थी। इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए अतीक की बहन आयशा नूरी ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

**न्यायिक आयोग की टीम कर रही हैं जांच :** अतीक और अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए न्यायिक आयोग की एक टीम राज्य सरकार की ओर से गठित की गई है। जिस स्थान पर अतीक और अशरफ की हत्या की गई थी वहां पर क्राइम सीन भी दोहराई जा चुकी है। वहां के लोगों का बयान भी दर्ज हो चुका है। पूर्व क्ल्ढर अफसर अमितभा ठाकुर ने भी अतीक और अशरफ हत्याकांड को संदिग्ध बताया था। अमिताभ ठाकुर कुछ समय पहले प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में घटना स्थल पर पहुंचे थे। आसपास के दुकानदारों से उन्होंने सच्चाई जानने का प्रयास किया लेकिन किसी ने कुछ भी देखने से इन्कार कर दिया था।

## न्यूज झरोखा

### बाइक चोरी का सीसीटीवी मिला, फिर भी नहीं लिखा मुकदमा पीड़ित थाने का चक्कर काट रहा

**प्रयागराज।** वाहन चोरों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में लापरवाही मिल रही है। यहां के सिविल लाइंस जैसे पाश इलाके में बाइक चोरी होती है। चोरी का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आता है। लेकिन पीड़ित की तहरीर के बाद भी केस दर्ज नहीं किया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि 10 दिनों से थाने के चक्कर काटने के बाद भी पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। इससे पीड़ित गाड़ी मालिक परेशान है नगर सिविल लाइन निवासी शैलेंद्र पांडेय 16 जून को अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक से सुभाष चौराहे के समीप किसी काम से गए थे। बाइक बाहर खड़ी करके अंदर गए और करीब आथे घंटे बाद वापस लौटे तो देखा दिन की मोटरसाइकिल गायब है आसपास खोजबीन की। उसके बाद उन्होने तत्काल 112 पर सूचना दी। सिविल लाइन चौकी इंचार्ज से इस संबंध में लिखित शिकायत की सीसीटीवी फूटेज निकलवा कर दिया जिसमें चोर बाइक ले जाते हुए स्पष्ट दिख रहा है लेकिन कोई सुनवाई न होने पर सिविल लाइंस कोतवाली में तहरीर दी। यहां से कहा गया कि जांच करके मुकदमा लिखा जाएगा, लेकिन आज 27 तारीख हो गई शैलेंद्र पांडेय की बाइक चोरी की एफआईआर नहीं की गई पीड़ित का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराने के बावजूद उसकी न तो बाइक बरामद की गई, ना चोर पकड़ा गया और तो और मुकदमा भी नहीं लिखा जा रहा है उसका कहना है कि अगर उसकी बाइक से किसी प्रकार का आपराधिक कृत्य किया जाता है तो फसेगा वह, क्योंकि बाइक उसके नाम है और चोरी के एफआईआर दर्ज नहीं हो रही है पीड़ित का कहना है कि गाड़ी मिले न मिले कोई बात नहीं कम से कम गाड़ी चोरी की एफआईआर तो दरज्ज कर ली जाए इस संबंध में उसने आला अधिकारियों से भी गुहार लगाई है इंस्पेक्टर सेविल लाइन का कहना है कि मेरे संज्ञान में प्रकरण नही है। जांच कराकर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।



### ऊर्जा का विनाश नहीं होता : प्रोफेसर एस.सी.तिवारी

**प्रयागराज।** समस्त ब्रह्माण्ड के निर्माण का मूलभूत तत्व ऊर्जा है। ऊर्जा अक्षय एवम अनंत है। अतएव सनातन संस्कृति का पुनर्जन्म सिद्धांत वैज्ञानिक व दार्शनिक दृष्टिकोण से पूर्णतः सत्य है । यह वक्तव्य संस्कृत विभाग नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज उ.प्र.(भारत) तथा सूरीनाम हिन्दी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सनातन संस्कृति में पुनर्जन्म सिद्धांत विषयक एक दिवसीय अन्ताराष्ट्रिय वेबिनार में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज के प्रतिकुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एस. सी. तिवारी ने बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ नरेन्द्र नाथ व्यास जी ने उल्कामुख,तुंगध्वज राजाओं के पौराणिक आख्यानों के माध्यम से भारतीय संस्कृति में निहित पुनर्जन्म सिद्धांत पर विस्तृत प्रकाश डाला, डॉ त्र्यंबक नाथ जी ने पुनर्जन्म सिद्धांत को सनातन संस्कृति, सनातन धर्म, कर्म और आध्यात्मिक विकास का आधार बताया।आचार्य पंकज जी ने पुनर्जन्म सिद्धांत की दार्शनिकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। सूरीनाम हिन्दी परिषद की सदस्या श्रीमती मन्द्राचल घिसई दुवे ने सनातन संस्कृति के पुनर्जन्म सिद्धांत की भूरि भूरि प्रसंसा की । सूरीनाम के लब्धप्रतिष्ठ ज्योतिष कर्मकाण्ड एवं वास्तुशास्त्र विशेषज्ञ तथा नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज के पुरा छात्र आचार्य चन्द्रिका प्रसाद जेठू ने अपने पुराने अनुभवों को साझा किया तथा आचार्य व्रजेन्द्र मिश्र ने ज्योतिष शास्त्र के आधार पर पुनर्जन्म सिद्धांत पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज के ज्योतिष कर्मकाण्ड वास्तुशास्त्र एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ देव नारायण पाठक ने किया तथा बताया कि पुनर्जन्म की अवधारणा के विना कर्म,मोक्ष,आत्मा तथा ईश्वर अर्थहीन है। आधुनिक समाज धर्म एवं कर्म से विमुख होता चला जा रहा है। ' मातृ देवो भव,पितृ देवो भव, अतिथि देवो भव ' जैसे सिद्धांत केवल पुस्तकों का सिद्धांत मात्र बनकर रह गए हैं। सम्पूर्ण संसार में जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद के साथ- साथ धार्मिक कटुता तथा कट्टरता व्याप्त है।मानव भौतिकतावाद के अन्धकार में फंसकर अपने जीवन के रहस्यमय तत्त्व से अनभिज्ञ होता चला जा रहा है। सूरीनाम हिन्दी परिषद तथा संस्कृत विभाग, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज उ.प्र.(भारत) के इस शैक्षणिक एमओयू से सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा उसमें निहित वैज्ञानिक तत्त्व को समझने की दिशा को गति प्राप्त होगी और समाज का एक बड़ा वर्ग लाभान्वित होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ आदिनाथ ने किया तथा सूरीनाम हिन्दी परिषद के अध्यक्ष श्री एस.परमसुख ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सूरीनाम हिन्दी परिषद के सचिव किशन फिरतू, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ ममता मिश्र, डॉ आलोक कुमार विश्वकर्मा सहित दोनों देशों के सैकड़ों छात्र- छात्राएं रहें।

## सेवा और समर्पण से होता है संगठन सुदृढ़ : कामता नाथ

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** किसी भी संगठन को विस्तार और सुदृढ़ करने में संगठन की रीति नीति तो आवश्यक है ही साथ ही उसके पदाधिकारियों का सेवा समर्पण व सम्मान देने का भाव भी महत्वपूर्ण होता है। उक्त बातें क्षेत्र के उमरी मय टटिहरा गाँव में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की फूलपुर इकाई के पदाधिकारियों की एक बैठक को बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कामता नाथ ने संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि इन सभी बातों का ध्यान महासंघ में रखा जाता है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिये नित नये तुगलकी आदेश जारी किया जा रहा है। जिसका महासंघ पुरजोर विरोध करता है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि बेशक हमारा संगठन पहले दायित्व फिर कर्तव्य की संकल्पना में विश्वास रखते हुए कार्य करता है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष मो.शहजाद ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर संगठन का आंदोलन जारी है। जिसे हमसब को मिलकर सफल बनाना होगा। बैठक में महामंत्री राधेश्याम मिश्रा ने कहा कि 10 से 12 जुलाई तक बाईस सूत्रीय मांगों को लेकर लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित है। जिसे एकजुटता के साथ सफल बनाने की अपील संचालन करते हुए कहा। बैठक में यह भी रणनीति बनी कि जनपद से अधिक से अधिक शिक्षकों को धरने में प्रतिभाग कराना होगा। बैठक को कोषाध्यक्ष रेनू व संगठन मंत्री मो.इमरान, आमिर ने भी संबोधित किया।

## बिना मोटर नही आता नल में जल, झेलनी पड़ती है पानी के साथ बिजली बिल की दोहरी मार

**शीघ्र समाधान न होने पर जिम्मेदारो की खुलेगी पोल**

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अवंतिका विकास समिति की एक आपात बैठक महिला मंडल की संयोजिका मीना जायसवाल के आवास पर मंगलवार को सम्पन्न हुयी जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा पर विचार विमर्श किया गया बैठक में पेयजल आपूर्ति मे लोगों को दोहरे भार की मार झेलने तथा जलकल विभाग की घोर लापरवाही पर आक्रोश व्यक्त किया गया। लोगों का आरोप है कि पानी की टंकी छमता के अनुरूप भरी नही जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार प्रेशर नही खोलने से पानी सड़क के पाइप तक ही पहुच पाता है। लोग मजबूरन मोटर पम्प चलाकर



बिजली खर्च करते है, फिर भी काफी प्रयास के बाद घरो मे देर से पानी पहुच पाता है। ऐसे मे लोगों को जलकर के साथ बढ़े बिजली बिल का भी भार उठाना पड़ता है जो न्याय संगत नही है। लोगों का यह भी आरोप है कि कभी-कभी गन्दा व बदबूदार पानी आता है। ऐसे मे यदि शीघ्र नही हुआ समुचित समाधान, तो जिम्मेदारो की खुलेगी पोल समिति के संयोजक गजेन्द्र सिंह ने कहाकि गत दिनों नगर निगम व जलकल विभाग को समस्याओं के सम्बन्ध मे दिये गये ज्ञापनों पर कार्यवाही की समीक्षा हेतु शीघ्र ही कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक मे सर्वश्री गजेन्द्र प्रताप सिंह, बद्री प्रसाद मिश्र, कन्हैया लाल (गुड्डू), संजीव गुप्ता, विजय राठौर, मीना जायसवाल, नमिता त्रिपाठी, मोनिका जायसवाल, विन्दू राठौर, पूर्णिमा यादव आदि उपस्थित रहे।

# जिले के सभी बूथों पर सुना गया प्रधानमंत्री का बूथ सम्बोधन

### सांसद, विधायक, जिला प्रभारी ने मण्डलों में की बैठक



बूथ सम्मेलन को सुनते सांसद संगम लाल गुप्ता व अन्य।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरा बूथ सबसे मजबूत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सुबह 11 बजे भोपाल से एक साथ लगभग 10 लाख बूथ स्तर के कार्यकर्ता को संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में मौजूद देश के कोने कोने से आए बूथ कार्यकर्ता के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि बूथ के ये कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं, आप पार्टी के प्रतिबिंब हैं।

इस कार्यक्रम को जनपद के सभी बूथों पर सुना गया। इसी कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र डेरवा मंडल में, सांसद संगम लाल गुप्ता मांधाता मंडल में, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य कोहदौर मंडल में, जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी नगर मंडल में, धीरज ओझा रानीगंज मंडल में उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ता बूथों पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। किसी भी राजनीतिक दल के इतिहास में एक साथ बूथ सम्मेलन इतने बड़े स्तर पर पहली बार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संपन्न किया गया। किसके साथ सभी जिला पदाधिकारी और मंडल के पदाधिकारी सभी अपने मंडल के सत्य केंद्रों पर उपस्थित रहे।

## रामगंज में मेरा बूथ, सबसे मजबूत वर्चुअल संवाद का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नवसृजित रामगंज नगर पंचायत में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के भोपाल से देशभर के दस लाख कार्यकताओं को संबोधित किया, जिसका वर्चुअल संवाद सैकड़ों कार्यकताओं ने रामगंज नगर पंचायत कार्यालय पर सुना। रामगंज नगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकताओं के साथ बूथ अध्यक्षों ने प्रतिभाग किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संवाद करते हुए कहा कि हमारे बूथ के कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी के मजबूत करने का कार्य करते हैं। भाजपा का मूल मंत्र बूथ जीता तो चुनाव जीता है। कार्यक्रम के समापन के समय नगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि राजनीतिक दल के इतिहास में जमीनी स्तर पर व्यवस्थित रूप से इतना भव्य और बड़ा कार्यक्रम जिसमें बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया गया हो यह पहली बार हो रहा है। बूथ अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता ही पार्टी को मजबूत करने का कार्य करते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी आत्मप्रकाश मिश्रा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र खरवार, राम उजागर सिंह तथा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सूबेदार मेजर आरएन ओझा का हुआ निधन

### शव यात्रा में संगठन के कैप्टन, सूबेदार हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गौरवशाली सैनिक संगठन के पदाधिकारी सूबेदार मेजर आरएन ओझा का मंगलवार की प्रातः 9 आकस्मिक निधन हो गया। बता दें कि आर एन ओझा सन 1971 पाकिस्तान की लड़ाई में अच्छी भूमिका अदा की थी। इस प्रकार से कई प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया गया था।

लगभग 30 वर्षों तक सेना में बड़ी ही कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य किया था सेना से अवकाश प्राप्त होने के पश्चात इस समय कलेक्ट्रेट में स्टांप विक्रेता के रूप में कार्य कर रहे थे। गौरवशाली सैनिक संगठन के महासचिव आर ए सिंह ने बताया कि ओझा जी अवकाश प्राप्त के पश्चात संगठन के साथ पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए हमेशा तन मन से जुटे रहते थे। मौत की सूचना मिलते ही संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उनके आवास ओझा का पुरवा में पहुंचकर शव को तिरंगे झंडे में लपेटकर सम्मान देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शव यात्रा में शामिल संगठन के अध्यक्ष कैप्टन ओ एन शर्मा कैप्टन प्रमोद पांडे कैप्टन रियाज साहब अतीक साहब के पी सिंह सूबेदार विनोद मिश्रा आदि शामिल हुए।



मेजर आरएन ओझा के शव पर श्रद्धांजलि देते कैप्टन व सूबेदार।

# बिजली कटौती व जर्जर तारों से नाराज वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन

### डीएम को संबोधित सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** बिजली कटौती तथा जर्जर तारों को लेकर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मंगलवार को नारेबाजी करते हुए डीएम को संबोधित तहसीलदार न्यायिक को ज्ञापन सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अघोषित विद्युत कटौती को लेकर मंगलवार को एसडीएम कोर्ट के सामने विद्युत विभाग के खिलाफ घंटो नारेबाजी की।

वकीलों का शोरशराबा सुन तहसीलदार न्यायिक सुप्रिया चतुर्वेदी पहुंची और वार्ता कर ज्ञापन लिया।

पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि लालगंज तहसील क्षेत्र के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे मानक के अनुसार जरा सा भी बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित नही हो पा रही है। अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि लालगंज बाजार तथा दीवानी वार्ड के मनीपुर व चंदापुर में बिजली के तार लटक रहे हैं। वही ज्ञापन मे लालगंज बाजार व वार्डो में जर्जर तार व जीर्ण शीर्ण पोल को बदले जाने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन मे लटकते तारो को बदलकर केबिलिंग कराए जाने पर भी जोर दिया गया है। विरोध प्रदर्शन का संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी व उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने किया। ज्ञापनदाताओ मे विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, पं. बेनीलाल शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, सूर्यकांत निराला, प्रमोद सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश मिश्र, शिव प्रसाद यादव आदि अधिवक्ता रहे।

# आनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

### प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा



अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने प्रतापगढ़ के शहर सहित कई तहसीलों, बाजारों में भी जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के निर्देशन व नेतृत्व में व्यापार मण्डल के अन्य पदाधिकारियों एवं अनेक सम्मानित व्यापारियों के साथ विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया।ऑनलाइन ट्रेडिंग का विरोध प्रदर्शन करने के लिए शहर के अनेकों व्यवसाई जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी के चैक, बजाजा रोड स्थित प्रतिष्ठान वृंदावन केदारनाथ सर्राफ पर एकत्रित होकर, पंजाबी मार्केट, चैक, ठठेरी बाजार, बाबागंज, सब्जी मंडी आदि जगहों पर होते हुए कचहरी पहुंचकर, देश के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन द्वारा त्रिभुवन नाथ विश्वकर्मा अपर जिलाधिकारी को दिया। ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी व राहुल केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी, नगर अध्यक्ष प्रह्लाद खंडेलवाल, नगर महामंत्री राहुल श्याम गुप्ता, जिला युवाध्यक्ष सुनील जायसवाल, जिला युवा महामंत्री पंकज केसरवानी, नगर युवाध्यक्ष अख़्तर राइन, नगर युवा महामंत्री प्रदीप यादव, शकील अख्तर, मनीष कुमार केसरवानी (गुंजन), पवन अग्रवाल सर्राफ, विष्णु सिंह सोमवंशी, कदीर अहमद, सरदार कुलविंदर सिंह, श्याम शंकर सिंह, आलोक मिश्र, पवन केसरवानी, सरदार वसिंदर सिंह, गोपाल केसरवानी, जगदीश मौर्य (जंबो), दीपक केसरवानी (दीपू), स्वप्निल जायसवाल, राधेश्याम केसरवानी, केसरी लाल मौर्य, आशुतोष केसरवानी, आशीष सिंह, मन्नू साधवानी, विनय सिंह, जगदीश कुमार सिंधी, अरविंद कुमार जैन, सतीश सोनी, कटरामेंदनी बाजार से संतोष कुमार केसरवानी और जगदीश जायसवाल आदि अनेक व्यवसाई शामिल रहे।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** व्यापारियों को ऑनलाइन ट्रेडिंग से हो रहे नुकसान के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व्यापारियों ने ज्ञापन दिया है। पट्टी नगर के व्यापारी बिंदु वर्मा सहित कई व्यापारियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग का विरोध करते हुए बताया कि इससे सभी व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है पट्टी उपजिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन देकर इसको बंद कराने की अपील की गई है।

# जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को डेमो चेक का किया वितरण

### डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 44 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये है जिनमें से 15 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में विभिन्न बैंकों को 28 आवेदन पत्र प्रेषित किये गये है जिनमें से 09 आवेदन स्वीकृत है, एक जनपद एक उत्पाद योजना में बैंकों को 08 आवेदन पत्र प्रेषित किये गये है जिनमें से 01 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गया है।

योजनाओं की समीक्षा में जिलाधिकारी ने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुये कहा कि लाभार्थियों के ऋण पत्रावलियों की कागजात की गहनता से जांच करें और यदि कोई कमी दिखे तो लाभार्थी को सूचित कर ऋण पत्रावली दुरूस्त कराकर योजना का लाभ उद्यमियों/व्यापारियों को दिया जाए। अन्तर्राष्ट्रीय एम0एस0एम0ई0 दिवस-2023 के अवसर पर कलेक्टेज्ट सभागार में पीएमईजीपी योजना के लाभार्थी सुधा देवी को इण्टर लाकिंग ब्रिक्स, लक्ष्मी देवी को चाउमीन निर्माण, सियाराम को इन्वर्टर बैटरी एवं सोलर पैनल, फूलचन्द्र को दोना पत्तल निर्माण व ज्ञान प्रकाश कसौंधन को क्राकरी प्रोडक्ट्स हेतु 10-10 लाख का डेमा चेक तथा सुभाष चन्द्र शर्मा को जेन्ट्स पार्लल हेतु 5 लाख का डेमो चेक जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा प्रदान किया गया।

इसी प्रकार एमवाईएसवाई के लाभार्थी आर्यन मिश्रा को रेस्टोरेन्ट हेतु 10 लाख को डेमो चेक दिया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा, बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमियों/व्यापर मण्डल की ओर से मो0 अनाम, रोशन लाल ऊमरवैश्य सहित अन्य उद्यमी/व्यापारी उपस्थित रहे।



उद्योग बन्धु की बैठक में बोलते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

## परम्परागत रूप से त्योहार को मनाएः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस लाइन के सई काम्प्लेक्स सभागार में बकरीद त्योहार के दृष्टिगत अधिकारियों, समाज के प्रतिष्ठितजनों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बनाये रखे जिससे त्योहार सकुशल सम्पन्न हो सके। परम्परागत रूप से त्योहार को मनायें। समस्त अधिशासी अधिकारियों व पंचायती विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मस्जिदों के आस-पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें एवं सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चैराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूड़ा-ट्राली व डस्टबीन रखने के निर्देश दिये। कुबार्नी दिये जाने वाले पशुओं के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिये गड्ढे खुदवा लें और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। किसी भी प्रतिबन्धित पशुओं की कुबार्नी कदापि न की जाये। कुबार्नी स्थलो (स्लाटर हाउस) की पर्याप्त बैरीकेडिंग करा ली जाये जिससे प्रतिबन्धित पशुओं का आवागमन न हो सके।



लोनिवि कार्यालय में प्रदर्शन करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## समस्याओं को लेकर लोनिवि एसोसिएशन ने की कलमबंद हड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संगठन में व्याप्त समस्याओं के समाधान न होने तथा स्थानांतरण नीति से इतर जाकर किये जाने वाले स्थानांतरणों के विरोध में आज मंगलवार को उत्तर प्रदेष लोक निर्माण विभाग मिनिस्टिरियल एसोसिएषन ने धरना प्रदर्षन कर कलमबंद हड़ताल किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने कहा कि प्रदेष में कार्यरत खण्डीय सहायकों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिये एवं अधीक्षण अभियंता कानपुर वृत्त, लोनिवि कानपुर नगर द्वारा लगातार संघ विरोधी अनावष्यक पत्राचार के विरोध में संघ द्वारा लगातार पत्राचार विभाग में किया जा रहा है लेकिन विभाग के कुछ उच्चाधिकारियों के हठधर्मिता के कारण समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। कलम बंद हड़ताल में जिला सचिव आलोक कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक चोरी का धराया आरोपी, गंभीर धाराओं में केस

### पुलिस ने चोरी की बाइक व मोबाइल किया बरामद, सफलता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के अर्न्तजनपदीय सरगना को चोरी की बाइक व चोरी के एक मोबाइल के साथ धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को केस दर्ज कर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल को मंगलवार की सुबह मुखबिरी सूचना हुई कि एक बाइक चोर इलाके मे घूम रहा है।

कोतवाल के निर्देश पर दरोगा अनीस कुमार यादव फोर्स के साथ वर्मा नगर चैराहे पहुंचे। यहां से वर्मा नगर से घुइसरनाथ नहर पटरी पर एक युवक बाइक के साथ संदिग्ध दशा में आता हुआ दिखा। पुलिस ने उसे रोकना चाहा तो वह बाइक तेजी से चलाने लगा। फोर्स ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के पास मिली बाइक तथा एक मोबाइल फोन चोरी का निकला। वहीं आरोपी के पास से पुलिस को इक्कीस सौ पचास रुपए नकद मिला। पूछताछ में आरोपी लालगंज के पूरे मुरली अमावां निवासी रामू सरोज के पुत्र गोपी सरोज ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उसने यह बाइक पडोसी जिले जौनपुर से चोरी की थी। आरोपी ने यह भी बताया कि उसके साथ गैंग में सांगीपुर थाना के असांव निवासी अशोक का पुत्र सनी सरोज तथा इसी गांव का बृदुल वर्मा भी चोरी की बाइक पर हाथ साफ किया करता है। आरोपी बाइक पर नंबर आदि बदलकर इसे बेंच दिया करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी तथा धोखाधडी व जालसाजी समेत कई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया गया। आरोपी द्वारा बताये गये कि दो अन्य आरोपियो की भी पुलिस तलाश मे जुटी बतायी जाती है।

## दुकान पर खड़ी सीमेंट ट्रक को पुलिस ले गई थाने

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के मधवापुर भैरवन सीमेंट ब्यापारी मो0 सईद अहमद हाजी की सीमेंट की दुकान पर मंगलवार की दोपहर सीमेंट से लदी ट्रक को सूचना पर नवाबगंज पुलिस पकडकर थाने ले गई। ट्रक के पकडे जाने से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। इस बाबत जानकारी करने पर नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि सीमेंट गैर जनपद से प्रतापगढ़ जनपद आई थी जो कि प्रतिबंधित है ट्रक थाने मे आकर खड़ी है। कम्पनी के डीलर थाने पहुँच रहे हैं जिसकी जाँच पड़ताल की जा रही जिसका पता लगाया जा रहा है कि सीमेंट मे एसजीएसटी व सीजीएसटी की चोरी तो नहीं की गई है।

# सर्पदंश से युवक की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सर्पदंश से युवक की मौत को लेकर परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अगई चित्ता का पुरवा निवासी राजेन्द्र सरोज का पुत्र अजीत सरोज 21 चारपाई पर सो रहा था। मंगलवार की सुबह अचानक सांप उसके बिस्तर मे घुस गया। सांप ने युवक को डसा तो उसने उठने का प्रयास किया। युवक की चीख सुनकर परिजन जगे और सांप को तलाशने लगे। कुछ ही देर मे सांप घर मे ही दिख गया। ग्रामीणों ने सांप को दबोचकर तसले मे ढंक दिया। इसके बाद वह युवक की झाड फूंक कराने लगे। हालत मे सुधार न देख परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर लेकर पहुंचे। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान युवक की सांसे थम गयी। इधर ग्रामीणों ने युवक की मौत सुनीं तो सांप को पीट पीट कर मार दिया। युवक की मौत से परिजनों मे कोहराम मचा है। ग्रामीणों के मुताबिक एक सप्ताह पूर्व ही गांव के वृद्ध जगत लाल मकदूम का पुरवा को भी सांप ने डस लिया था। सर्पदंश से वृद्ध की भी मौत हो गयी थी। सर्पदंश से गांव मे दूसरी मौत को लेकर गांव में दहशत का माहौल है।

### परिवहन विभाग वसूल करेगा करोड़ों रुपए का बकाया टैक्स

**प्रतापगढ़।** 100 गाड़ी मालिको से 2 करोड़ 60 लाख 13 हजार 5 सौ 81 रुपए वसूली के लिए परिवहन विभाग ने आरसी जारी की है। सदर तहसील में 29 लोगो को आरसी जारी होगी। लालगंज में 25, कुंडा में 22, पट्टी 18, रानीगंज में 6 मोटर स्वामी का टैक्स बाकी है। बता दें कि मोटर कैब व मैक्सी कैब मालिक को टैक्स जमा करने के लिए विभाग कई बार नोटिस भेज चुका है। 2013 से 2023 तक का टैक्स बकाया है। इसे लेकर संभागीय परिवहन अधिकारी विनय कुमार सिंह ने डीएम को पत्र लिखा है।

# कार की टक्कर से मोपेड सवार हुए चुटहिल, रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लीलापुर थाना के पूरे शिवबोझ निवासी हंसराज के पुत्र रामगोपाल सरोज 33 मोपेड से मंगलवार की सुबह लालगंज के भवराम बोझी गांव रिश्तेदारी आया था।

रामगोपाल यहां से अपनी साली राजू सरोज की पत्नी अनीता देवी 28, राजू के पुत्र रियांश 08, पुत्री रियांशी 06, शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शिवबोझ आ रहा था। यहां बुधवार को बाबूलाल सरोज की बहन की शादी है। बाबूलाल का भाई रामगोपाल मोपेड बाइक से रिश्तेदारों को लेकर घर के लिए निकला कि सगरा-बाबूगंज मार्ग पर पतुलकी मोड के पास कार ने मोपेड को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोपेड सवार रामगोपाल व अनीता तथा रियांश को गंभीर चोटें आ गयी। घायलों को लालगंज ट्रामा सेण्टर इलाज के लिए लाया गया। यहां गंभीर दशा देख रामगोपाल व अनीता तथा रियांश को रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में मोपेड क्षतिग्रस्त हो गयी। हालांकि कार चालक मौके से भाग निकला। लीलापुर प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव का कहना है कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आरोपी चालक के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला के साथ की अभद्रता, मारपीट कर किया जख्मी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश के कारण पड़ोसी आरोपियों महिला के बाल पकड़कर उसे मारा-पीटा और उसके साथ अभद्रता की। आरोपियों की पिटाई से महिला जख्मी हो गई। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बेला गांव की रहने वाली सीता देवी पत्नी रमेश कुमार ने पट्टी कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग सोमवार की शाम को एकजुट होकर उसके दरवाजे पर चढ़ आए और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए महिला के बाल पकड़कर लात घूसों से उसे जमकर मारा-पीटा और अश्लील हरकत किया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पट्टी थाना अध्यक्ष नंदलाल सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही हैं आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### धर्मांतरण के तीन आरोपी अरेस्ट,रूपयो का लालच देकर कराते थे धर्मांतरण

**कौशाम्बी।** जिले में धर्मांतरण मामले में फिर एक मामला सराय अकिल थाना पुलिस ने दर्ज किया है,पुलिस ने 6 नामजद एवम कई अन्य अज्ञात पर धर्मांतरण का मामला दर्ज किया है,पुलिस ने तीन युवकों को अरेस्ट किया है और लिखापढ़ी कर उन्हे जेल भेज दिया है। सराय अकिल थाना पुलिस ने धर्मांतरण मामले में फिर एक एफआईआर दर्ज की है,ग्रामीण महेंद्र तिवारी की शिकायत पर राम चंद्र पाल,ननका पाल,गुलब्बो, गोविंद पांडे,गुलबाद पाल,पन्ना सहित कई अन्य पर मामला दर्ज किया है,पुलिस ने गोविंद पांडे और गुलबाद पाल को अरेस्ट कर लिया है।पुलिस ने एक अन्य पूर्व धर्मांतरण मामले में अभिषेक नाम के युवक को भी अरेस्ट किया है।पुलिस ने सभी तीनो लोगो को लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया है जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा में बूथ ईकाई का सबसे अधिक महत्व : बृजेश पाठक

## नगर पालिका परिषद मंझनपुर कार्यलय में आयोजित हुआ कार्यक्रम, कार्यकताओं ने डिजिटली तरीके से सुना डीसीएम के साथ पीएम मोदी का संवाद

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यकताओं को सम्बोधित किया, जिले में इसे डिजिटली सुनने के लिए मंझनपुर नगर पालिका परिषद कार्यलय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे तो विशिष्ट अतिथि के रुप में सांसद विनोद सोनकर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। सभी नेताओं ने कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम को लाइव सुना। इस मौके पर बोलते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि हम सबका यह सौभाग्य है कि आज हमारे देश का पीएम पार्टी के बूथ के कार्यकताओं से सीधी बात कर जिस तरीके से हमारे पीएम ने हमसे कहा है कि हम बूथ स्तर पर सीधे लोगों से बात करें। सरकार के द्वारा जो भी आम जनमानस किसान महिलाओं के हितों की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उसको लोगों तक पहुंचाएं इसके साथ पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा जो भ्रष्टाचार किए गए हैं। यह जो नया गठबंधन बन रहा है जो कि भ्रष्टाचारियों का एक समूह है। यह देश में लूट का माहौल बनाना चाहते हैं और अब हम सभी कार्यकताओं की यह जिम्मेदारी है कि पार्टी के प्रत्याशी को लोकसभा पर जाएं और देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि जिले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से सर्वांगीण विकास हुआ है जो आज सड़क पर गिरा है कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विधायक अविनाश द्विवेदी, भरवारी अध्यक्ष कविता वीरेन्द्र फौजी, प्रेम चौधरी, महेश लोधी, धर्मराज मौर्य, वेद प्रकाश सत्यार्थी, हुब लाल दिवाकर, संजय जायसवाल, बबलू गर्ग, आलोक तिवारी, सरवेश पटेल, ब्रिजेश लोधी सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### असिस्टेंट कमिश्नर अभिषेक कुमार शाह की प्रोन्नति डिप्टी कमिश्नर के पद पर हुई



**भरवारी कौशाम्बी** जनपद में राज्य कर विभाग के अति सरल सौम्य सभी के अतिप्रिय असिस्टेंट कमिश्नर अभिषेक कुमार शाह की प्रोन्नति डिप्टी कमिश्नर के पद पर हो गई है।जिले के कर अधिवक्ता एवम व्यापारियों की ओर से उन्हें कोटि कोटि बधाई अभिषेक कुमार शाह की राजकीय सेवा में आने पर असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर प्रथम नियुक्ति वर्ष 2012 में कौशाम्बी में ही हुई थी। तीन वर्ष बाद उनका स्थानांतरण प्रयागराज जनपद में हो गया था। उनकी कौशाम्बी में दी गई अच्छी सेवा को देखते हुए पुनः वर्ष 2020 में कौशाम्बी में तैनात किया गया। इस प्रकार लगभग सात वर्ष तक कौशाम्बी जनपद में वह तैनात रहे। आर पी मिश्रा एडवोकेट अध्यक्ष जिला कर अधिवक्ता संघ कौशाम्बी प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन पंजीकृत ने कहा कि उनके कार्यकाल में जनपद में राजस्व वसूली में प्रगति हुई अधिकाधिक मुकदमों का न्यायपूर्ण निस्तारण हुवा अधिवक्ताओं के प्रति उनका व्यवहार बहुत ही सराहनीय रहा। करदाता व्यापारी भी सदा उनकी सरलता न्यायप्रियता से प्रसन्न रहे।यथा शीघ्र आपको किसी नए जिले में तैनाती मिलेगी।कौशाम्बी जनपद के कर अधिवक्ता और करदाता व्यापारी स्वस्थ दीर्घ आयु एवम उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### नशा मुक्ति को लेकर नेशनल इंटर कॉलेज में चला अभियान




**भरवारी कौशाम्बी** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में नशा मुक्त अभियान चलाया गया है इस मौके पर प्रबंधक रवि तिवारी ने कहा कि नशा जीवन को बर्बाद कर देता है इसलिए नशा से दूर रहना जरूरी है नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी कौशांबी में दिनांक 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद द्वारा एनसीसी कैडेटों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक भुवनेश्वर तिवारी ,एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट पंकज कुमार योगेश नारायण तिवारी कमलेश तिवारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### शेखर बहुगुणा जोशी का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत



**कोखराज कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष शेखर बहुगुणा जोशी के प्रयागराज से फतेहपुर जाने के दौरान सिराथू तहसील क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग काशिया पश्चिम हनुमान मंदिर के पास कांग्रेस कार्यकताओं ने शेखर बहुगुणा जोशी के काफिले को रोककर फूल माला पहनाकर जोरदार तरीके से स्वागत किया इस मौके पर राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर शमीम आलम व कांग्रेस मानवाधिकार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विष्णु कुमार सोनी जिला अध्यक्ष कामगार व कर्मकार बुदुल उर्फ शिवकुमार ने अपने तमाम साथियों के साथ शेखर बहुगुणा जोशी को माल्यार्पण कर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया स्वागत समारोह के दौरान शेखर बहुगुणा जोशी ने कहा कि 2024 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अभी से तैयारी करने की जरूरत है और सभी कार्यकर्ता 2024 के चुनाव को सफल करने की तैयारी में जुट जाएं इस मौके पर अनिल कुमार, दुर्गेश पटेल,राम भवन ,राहुल,मुतुर्जा, कुलदीप कुमार,मनोज साहू,एकरार अहमद ,अगनु ,लवलेश,मुसाम्मी नफीस आदि लोंग मौजूद रहे।

### युवक पर चाकूओ से ताबड़तोड़ हमला



**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बसोहरा गांव में सोमवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे दयाराम पटेल पुत्र धर्मपाल पटेल के ऊपर चाकूओ से ताबड़तोड़ हमला किया गया है आम के पेड़ के हिस्से बटवारे को लेकर धर्मपाल पटेल ने पूर्व में पुलिस को शिकायती पत्र दिया था लेकिन मामले का निस्तारण नहीं हो सका और शिकायत करने वाले धर्मपाल पटेल के बेटे दयाराम पर चाकूओ से हमला कर दिया है जिससे दयाराम को गंभीर चोटें आई हैं दबंगों के हमले से जान बचाकर दयाराम घर के भीतर भागा लेकिन पीछा करते हुए घर के भीतर भी दबंग घुस गए हैं और लात जूतों से पीटते हुए उस पर चाकूओ से ताबड़तोड़ वार किया है बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां और पत्नी के साथ गाली गलौज मारपीट की गई है सूचना पर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को मंगलवार की सुबह प्रार्थना पत्र दिया लेकिन घायल दयाराम का मुकदमा लिखब के बजाय कोतवाली के हल्का पुलिस ने उसे थाने से डॉट कर भगा दिया है जिस पर दयाराम अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है बताया जाता है कि चाचा राजपाल से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है जिसके चलते राजपाल आदि उसे रास्ते से हटाने के लिए पहले भी कई बार प्रयास कर चुके हैं बीती रात राजपाल ने अपने पुत्र संजू वा चंद्र भवन के साथ लाठी-डंडे से दयाराम पर हमला किया है कोतवाली पुलिस की भूमिका ठीक नहीं है और इस मामले में कोतवाली पुलिस पार्टी बंदी की बात कर रही है जिसके चलते वाद विवाद हो रहे हैं और प्रत्येक बार कोतवाली पुलिस एक पक्ष का बचाव कर रही है जिससे जमीन पेड़ पर कब्जा करने वाले राजपाल आदि के हौसले बुलंद है

### भोपाल में प्रधान मंत्री का लाइव संबोधन, वर्चुअल संवाद, अझुवा में उमड़ी कार्यकताओं की भीड़



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के पंचम लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज मंगलवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान कार्यक्रम के तहत वर्चुवल संवाद को संबोधित किया वर्चुअल संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम हमारे कर्मठ कार्यकताओं के राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा भाजपा की सबसे बड़ी ताकत आप कार्यकर्ता हैं,मैं 10 लाख कार्यकताओं को संबोधित कर रहा हूं,किसी राजनीतिक दल का इतना बड़ा कार्यक्रम नहीं हुआ होगा बूथ का नेतृत्व करने वालों का सम्मेलन इतिहास में पहली बार हो रहा होगा आप भाजपा ही नहीं देश की समृद्धि के मजबूत सिपाही है सबसे बड़ा देश है ऐसे कर्मठ कार्यकताओं से बात करना सौभाग्य की बात है ।। एलईडी के माध्यम से कार्यकताओं को लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी जिसे सुनने और देखने के लिए भारतीय जनता पार्टी की नगर अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा,ओमप्रकाश कुशवाहा,गोपी लाल मौर्य प्रधान भैराएं,रणवेंद्र सिंह पूर्व प्रधान कोरू,अभिनव केसरवानी पथरावा,बृजेंद्र केसरवानी ,मुन्ना जहाजी,भैया लाल मौर्य सत्येंद्र कुशवाहा,गुड्डू कुशवाहा,जेपी मौर्य ,राम राज मौर्य,मनोज कुमार त्रिपाठी सभासद,राम बाबू मोदनवाल सभासद, आदित्य केसरवानी,जगदीश केसरवानी,हीरालाल मौर्य,चंद्र पाल सिंह सहित सैकड़ों पदाधिकारी ,कार्यकर्ता अमजनमानस मौजूद रहे।

# मरीजों को मौत देने वाले नर्सिंग होम से वसूली करने वाले सीएमओ को बक्शीश दे गए स्वास्थ्य मंत्री

## अवैध नर्सिंग होम और अवैध क्लीनिक में आए दिन इलाज के दौरान मरीजों की मौत हो जाती है, पूर्व सीएमओ की तरह वर्तमान सीएमओ भी अवैध वसूली गिरोह के चंगुल में फंस गए

**कौशाम्बी।** जिले में अवैध तरीके से नर्सिंग होम और क्लीनिक का संचालन हो रहा है बीते 2 दशक से अधिक समय से स्वास्थ विभाग के जिम्मेदार एक चर्चित लिपिक के जरिए उनसे वसूली कर रहा है बताया जाता है कि करोड़ों में अवैध वसूली होती है जिले के विभिन्न कस्बों में 700 से अधिक अवैध नर्सिंग होम और पूरे जिले में 5000 से अधिक अवैध क्लीनिक का संचालन नियम विरुद्ध तरीके से बेखौफ तरीके से होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम अवैध नर्सिंग होम अवैध क्लीनिक पर कार्यवाही नहीं कर सके हैं जबकि अवैध क्लीनिक अवैध नर्सिंग होम झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही किए जाने के लिए शीर्ष अदालत ने भी वर्षों पूर्व निर्देश दिए हैं आए दिन मीटिंग भी होती है लेकिन ऑल ओके लिख कर के अवैध धंधे बाज के ऊपर कार्यवाही नहीं हो पा रही है पूर्व सीएमओ की तरह वर्तमान सीएमओ भी अवैध वसूली गिरोह के चंगुल में फंस गए हैं। अवैध नर्सिंग होम और अवैध क्लीनिक में आए दिन इलाज के दौरान मरीजों की मौत हो जाती है फिर भी अवैध नर्सिंग होम क्लीनिक संचालकों पर कार्रवाई नहीं होती है मरीजों को मौत देने वाले दर्जनों क्लीनिक अस्पताल का बोर्ड बदल दिया गया है लेकिन इन अस्पतालों का संचालन बन्द नही हो सका मुकदमा नहीं दर्ज होता है कथित चिकित्सकों की गिरफ्तारी नहीं होती है मरीजों को मौत देने वाले क्लीनिक और नर्सिंग होम सीज नहीं होता है एनजीटी के नियमों के अनुसार जिले में अस्पतालों क्लीनिक नर्सिंग होम का संचालन नहीं हो रहा है अग्निशमन विभाग ने वर्षो पहले अवैध नर्सिंग होम अवैध क्लीनिक को बंद कराए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला अधिकारी को पत्र भी लिखा था लेकिन अग्निशमन विभाग के पत्र पर वर्षो बाद भी कार्यवाही नहीं हो सकी जिला अस्पताल के आसपास अवैध अस्पतालों के संचालन में पूर्ण रोक के बाद भी खुलेआम दर्जनों अवैध नर्सिंग होम का संचालन हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक का कौशांबी आगमन हुआ लोगों को उम्मीद जागी कि स्वास्थ्य मंत्री अवैध नर्सिंग होम क्लीनिक की जांच कर कार्यवाही करेंगे लेकिन कई घंटे जिले में रहने के बाद स्वास्थ्य मंत्री भी अवैध नर्सिंग होम और अवैध क्लिनिक पर कार्रवाई नहीं कर सके स्वास्थ्य विभाग के स्वार्थी और चापलूसो ने स्वास्थ्य मंत्री को घेर रखा था जिससे शिकायतकर्ता स्वास्थ्य मंत्री तक नहीं पहुंच सके स्वास्थ विभाग के चापलूसो की फौज पूरे समय स्वास्थ्य मंत्री के आगे पीछे लगी रही स्वास्थ्य मंत्री को मैनेज करने के नाम पर बिभाग की काली कमाई से वसूली करने वाले लोग भी पूरे समय आगे पीछे लगे दिखाई पड़े हैं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के जिले में आगमन के बाद जिले के लोगों को उम्मीद थी कि अवैध नर्सिंग होम अवैध क्लीनिक के संचालन के मामले को स्वास्थ्य मंत्री गंभीरता से लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निलंबित करेंगे लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वास्थ्य मंत्री बख्शीश देकर चले गए। अब सवाल उठता है कि जब गलत तरीके से संचालित नर्सिंग होम और क्लीनिक पर कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री गंभीरता नहीं दिखाएंगे तो स्वास्थ्य व्यवस्था में कैसे सुधार होगा और आम जनमानस को सस्ता सुलभ इलाज कैसे मिलेगा लोगों ने एक बार फिर योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध नर्सिंग होम क्लीनिक पर कार्यवाही ना करने वाले सीएमओ का निलंबन कर इनकी जांच कराकर सीएमओ को बर्खास्त करने की मांग की है।

# पुलिस एनकाउंटर में ढेर हुआ सवा लाख का इनमिया बदमाश गुफरान

अखंड भारत संदेश

## पकड़ो नहीं ठोको के तर्ज पर फिर एक इनमिया बदमाश मिट्टी में मिलाया गया



**कौशाम्बी।** प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर जनपद में आतंक का पर्याय सवा लाख का इनामी बदमाश गुफरान कौशांबी के कादीपुर चीनी मिल के पास मंगलवार की सुबह एसटीएफ से मुठभेड़ में ढेर हो गया है मुठभेड़ स्थल से 9 एमएम की एक कारबाईन,32 बोर की एक पिस्टल,अपाचे बाइक बरामद आदि बरामद हुआ है हत्या, लूट ,हत्या के प्रयास जैसे 7 मामलों में प्रतापगढ़ में गुफरान वांछित था एडीजी प्रयागराज की ओर से गुफरान पर एक लाख का इनाम था सुल्तानपुर पुलिस की ओर से 25 हजार का इनाम गुफरान पर था प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर जिलों में गुफरान पर 13 से अधिक गंभीर मामले दर्ज थे। एसटीएफ से मुठभेड़ की जानकारी मिलते ही पुलिस आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं मुठभेड़ के बाद गुफरान को जिला अस्पताल लेकर पुलिस पहुंची जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है गुफरान के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आमने सामने दो बाइकों की हुई जोरदार टक्कर

#### हादसे में घायल दोनों बाइक सवारों को मनौरी कस्बे के व्यापारियों ने भिजवाया अस्पताल

**मनौरी कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी ओवर ब्रिज के ढाल पर सोमवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे आमने सामने दो मोटरसाइकिल सवार आपस में टकरा गए हैं जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर मनौरी कस्बे के व्यापारी पहुंचे है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक मुकेश कुमार पासी उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र गुलाब पासी निवासी मनौरी गांव थाना पुरामुफ्ती प्रयागराज बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह मनौरी ओवर ब्रिज के ढाल के पास पहुंचे सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार राजेश पटेल उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र अयोध्या पटेल ग्राम पिपरी थाना चरवा से जोरदार टक्कर हो गई है दोनों बाइकों में टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर मनौरी बाजार के व्यापारी अनिल केशवानी राजीव केसरवानी आदि लोग पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए मौके पर पहुंचे व्यापारियों ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को चायल हॉस्पिटल भेजवाया हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों घायलों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### नाबालिग हिंदू किशोरी को भगा ले गया वर्ग विशेष का युवक

#### पुलिस ने किया बरामद, बजरंग दल के कार्यकताओं ने किया थाने पर हंगामा

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना परिसर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया,बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओ ने मुस्लिम वर्ग के युवक द्वारा नाबालिग हिंदू को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और उसके साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में कार्यवाई नही होने और थाना में युवक और किशोरी को एक साथ रात में रखने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया है,और धरना दे दिया।बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ताओ ने थाना के एक दीवान और एक दरोगा पर आरोप लगाते हुए करवाई की मांग करते हुए हंगामा किया,हंगामे के दौरान एएसपी से वार्ता और कार्यवाही के आश्वासन के बाद कार्यकर्ता माने और हंगामा समाप्त किया। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को वर्ग विशेष का एक युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था,जिसपर परिजनो ने कोखराज थाना में मुकदमा लिखाया था।कोखराज थाना के एसआई प्रमेश यादव किशोरी और युवक को राजस्थान के जयपुर से बरामद कर थाना लाए थे,युवक को हवालात में बंद कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। वही थाना पर मुस्लिम युवक और हिंदू नाबालिग किशोरी को एक साथ रखने पर बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ताओ ने कोखराज थाने पर हंगामा काटा।

# आईजीआरएस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाये जाने के लिए अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में आईजीआरएस प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं बनाये जाने के लिए अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण। डीएम ने सभी अधिकारियां से कहा कि आईजीआरएस मा. मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथामिताओं में है तथा शासन द्वारा आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल चेक करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत प्राप्त होते ही निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय तथा शिकायतकर्ता से अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी/कर्मचारी की शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जॉच उच्च अधिकारी से करायी जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर किसी ग्राम प्रधान आदि की शिकायत प्राप्त होती है तो शिकायत प्राप्त होते ही कमेटी का गठन कर जॉच करायी जाय तथा जॉच आख्या समयान्तर्गत अपलोड किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन तक 10 बजे से 12 बजे तक जनता दर्शन कर आमजन की समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को आईजीआरएस प्रोफाइल को अपडेट रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस के निस्तारण के सम्बन्ध में सभी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। ई-डीएम श्री कीर्त कुमार ने आईजीआरएस निस्तारण के सम्बन्ध में छ2 आधिकारियों द्वारा छ1 की आख्याओं को प्रोफाइल सत्यापन व अन्य तकनीकी जानकारी देते हुए विभिन्न पहलुओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई इस अवसर पर सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, एडीएम जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, सभी एसडीएम, सभी सीओ एवं सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण/ कर्मचारीगण रहे।

# सम्वेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाय : डीएम

अखंड भारत संदेश



डीएम एवं एसपी द्वारा ईदुज्जुहा (बकरीद) त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों/सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ की गई बैठक

शान्ति व कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी-एसपी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में ईदुज्जुहा(बकरीद) त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से ईदुज्जुहा(बकरीद) त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक गई कार्यवाही-पीस कमेटी की बैठक एवं पाबन्द की कार्यवाही आदि की जानकारी प्राप्त की गई। उन्हांने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओं/सुझावों को प्राप्त करते हुए कहा कि ईदुज्जुहा(बकरीद) त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियां से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र की बडी मस्जिद/ईदगाह पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही छोटी मस्जिद/ईदगाह पर भी विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाय तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि त्यौहार के दिन निरन्तर गश्त किया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से कहा कि सम्वेदनशील स्थलो पर विशेष निगरानी रखी जाय, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये तथा आवश्यकतानुसार निरोधात्मक/ पाबन्द की कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ट्रान्सफार्मर जलने या विद्युत आपूर्ति में फाल्ट होने की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल ठीक कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जे0ई0 की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जे0ई0 आमजन की फोन अवश्य उठायें। उन्होंने सभी ई0ओ0 को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था के साथ ही पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने डीपीआरओं से कहा कि जिन-जिन गॉव में मस्जिद/ईदगाह हैं , वहॉ पर अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई जाय। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय तथा किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें तत्काल अवगत करायें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दिया जाय, इसकी सक्षम स्तर से पुष्टि अवश्य कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कोई भी गैर परम्परागत कार्य न किया जाय। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियां को भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने आगामी सावन माह के दृष्टिगत कॉवड़ यात्रा एवं शिवमन्दिरां पर भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, सभी उप जिलाधिकारीगण, सभी क्षेत्राधिकारीगण एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे।

### ड्यूटी से बैंक मैनेजर और कर्मचारियों के गायब रहने से ग्राहकों को होती है परेशानी

**कौशाम्बी।** चायल तहसील परिसर में भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर व कर्मचारी ड्यूटी टाइम में अपने ड्यूटी से गायब हो जाते हैं जिससे बैंक पहुंचने वाले ग्राहक लेनदेन के लिए बैंक में परेशान रहते हैं लेकिन उसके बाद भी प्रबंधक और कर्मचारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता है सोमवार के दिन बैंक कर्मचारी दोपहर 3:00 बजे के बाद केबिन से नदारत रहे जिसके चलते लंबे समय तक ग्राहको को लेनदेन के लिए बैंक में इंतजार करना पड़ा। बैंक मैनेजर और कर्मचारियों की इस लापरवाही पर ग्राहकों ने सवाल उठाया है कि 3:12 बजे ग्राहकों को बैंक में छोड़कर गायब हो जाने के लिए बैंक मैनेजर और कर्मचारियों के पास कौन सा काम होता है ड्यूटी के दौरान बैंक के समय में नदारद रहने का या फिर खाना खाने का बहाना या फिर बैंक मैनेजर और कर्मचारी ग्राहकों को परेशान कर एकांत रूम में मौज मस्ती करते हैं 3:30 बजे तक अपनी ड्यूटी पर वापस बैंक कर्मचारी और मैनेजर वापस नहीं पहुंचे हैं जिससे ग्राहकों में आक्रोश जताया है इस ओर डीएम और लीड बैंक प्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लापरवाह बैंक प्रबंधक और कर्मचारियों पर कार्रवाई कर बैंक की व्यवस्था में सुधार करने की ग्राहकों ने मांग की है।

संपादकीय

# दृढ़ता और संतोष, खुशियों के स्त्रोत

**दृढ़ता** आत्मा की दृढ़ता है, विशेषकर कठिनाई में। यह सदाचार की खोज में निरंतरता प्रदान करता है। दृढ़ता स्वतंत्र रूप से कर्तव्य की पुकार से परे जाने, बलिदान देने, अपने विश्वासों पर कार्य करने की इच्छा है। दृढ़ता में हमारी व्यक्तिगत कमजोरियों का सामना करने का साहस और बुराई के प्रति आकर्षण शामिल है। मनुष्य का अंतिम माप यह नहीं है कि वह आराम और सुविधा के क्षणों में कहां खड़ा है, बल्कि यह है कि वह चुनौतियों और विवाद के समय कहां खड़ा है। उपरोक्त उद्धरण दशार्ता है कि धैर्य अन्य गुणों का रक्षक कैसे है। व्यक्ति को जीवन में आने वाली अनेक कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करने के लिए साहसी होना चाहिए। उदाहरण के लिए, जब गांधीजी को 1930 में अपने नमक सत्याग्रह को रोकने के लिए मजबूर किया जा रहा था, तो उन्होंने जिस चीज में विश्वास किया था उसे छोड़ने के बजाय गिरफ्तारी का साहस किया।

हमारे जीवन में कई परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं जिनमें सही काम करना कठिन हो जाता है, भले ही हम जानते हों कि यह क्या है। इसके सभी प्रकार के कारण हो सकते हैं कि जो हम सर्वोत्तम जानते हैं उसके अनुसार कार्य करना है। मजबूत बने रहने के लिए, जो अच्छा है उसे करने के लिए, हमें तीसरे प्रमुख गुण की आवश्यकता है, जिसे वैकल्पिक रूप से धैर्य, साहस या बहादुरी के रूप में जाना जाता है। यही वह सद्गुण है जिसके द्वारा हम कठिनाई के बीच भी सही काम करते हैं। जब अपने सद्गुणों को कायम रखना सबसे कठिन होता है, तो यह धैर्य ही है जो इसका समर्थन करेगा। उदाहरण के लिए, जैसा कि कौटिल्य ने भ्रष्टाचार के सन्दर्भ में कहा था, जब जीभ पर शहद हो तो उसका स्वाद न लेना कठिन होता है। इसे उस सैनिक के गुण के रूप में देखा गया, जो अधिक भलाई के लिए अपना जीवन अर्पित करने के लिए दृढ़ था। अब, हममें से जो लोग सात्विक जीवन जीने के लिए संघर्ष करते हैं, वे मानते हैं कि हम भी सैनिक हैं, कि हम भी युद्ध में लगे हुए हैं, हालाँकि यह लड़ाई भौतिक नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक है। मनुष्य के रूप में हम उस पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो हमारे पास नहीं है, और जो हमारे पास है उसे नजरअंदाज करते हैं या यहाँ तक कि अनदेखा भी करते हैं। आज बहुत से लोग सोचते हैं कि जीवन एक दौड़ है जहाँ आपको हर चीज में सर्वश्रेष्ठ होना चाहिए। हम शायद एक शानदार कार, एक बड़ा घर, बेहतर कमाई वाली नौकरी, या अधिक पैसा चाहते हैं। जैसे ही हम एक चीज हासिल कर लेते हैं, अगली चीज की दौड़ शुरू हो जाती है। बहुत से व्यक्ति अपने द्वारा प्राप्त की गई हर उपलब्धि के लिए आभारी होने के लिए एक मिनट का भी समय नहीं निकालते हैं। वे जो दूरी तय कर चुके हैं, उस पर पीछे मुड़कर देखने के बजाय, जो दूरी बची है उसे तय करने के लिए खुद को आगे बढ़ाते हैं। और कुछ मामलों में, यह तब होता है जब महत्वाकांक्षा लालच बन जाती है। महत्वाकांक्षा और लालच के बीच अक्सर एक महीन रेखा होती है।

लोग सोच सकते हैं कि जब उन्होंने अपनी सपनों की जीवनशैली के लिए आवश्यक सभी चीजें हासिल कर ली हैं, तो वे जो कुछ भी उनके पास है उससे संतुष्ट होंगे - लेकिन ऐसा शायद ही कभी होता है। अपनी सूची से सभी उपलब्धियों पर निशान लगाने के बाद भी आप सहज महसूस नहीं करते हैं। यह बेचैनी महसूस हो सकती है कि अभी भी कुछ कमी है। वह गायब तत्व है कृतज्ञता और संतुष्टि।

संतोष मन की शांति और सकारात्मकता लाता है जो विकास और आत्म-सुधार को सुविधाजनक बना सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि किसी के सपने और आकांक्षाएं नहीं हो सकतीं। कोई वर्तमान को स्वीकार कर सकता है और फिर भी बेहतर भविष्य की कामना कर सकता है। संतोष का अर्थ केवल वर्तमान के साथ शांति से रहना है, न कि आत्मसंतुष्ट होना। जब कोई कृतज्ञ होता है, तभी वह जीवन में अधिक प्रचुरता प्रकट करने में सक्षम होता है। यह उन सभी अच्छी चीजों को देखने के लिए दिमाग को खोलता है जो पहले से ही उसके पास हैं। कभी-कभी हम चीजों को हल्के में ले लेते हैं और उनके लिए तथा उन सभी चीजों के लिए आभारी होना भूल जाते हैं जो उन्हें हमारे जीवन में लाने के लिए आवश्यक थीं। हम अक्सर देखते हैं कि क्या कमी है या हमने अभी तक क्या हासिल नहीं किया है। इससे हममें कड़वाहट ही आएगी। संतोष का मतलब है कि हमारे पास जो है, हम कौन हैं और कहां हैं, उसमें खुश रहना। यह वर्तमान की वास्तविकता का सम्मान करना है। यह इस बात की सराहना करना है कि हमारे पास क्या है और हम जीवन में कहां हैं। संतोष का अर्थ इच्छा का अभाव नहीं है; इसका सीधा सा मतलब है कि हम वर्तमान से संतुष्ट हैं, और हमें भरोसा है कि जीवन में जो मोड़ आएगा वह सर्वोत्तम होगा। सभी गुण संतुलन के रूप में मौजूद हैं, और इसलिए उन्हें उन विभिन्न अतिरेकों से सावधानीपूर्वक अलग किया जाना चाहिए जो सद्गुण का विकल्प बनने की धमकी देते हैं। यह दृढ़ता के मामले में विशेष रूप से सच है, जो आसानी से क्रूरता या कायरता की चरम सीमा तक पहुँच सकता है।

# रक्षा मंत्री की पाक को चेतावनी: पीओके भी हमारा है

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को लेकर दोबारा दोहराया है कि हम लोगों को पीओके में ज्यादा कुछ करने की जरुरत नहीं है। पीओके में जो जुल्म ढाया जा रहा है उसी से मांग उठ रही है कि हमको भारत में मिलना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग देख रहे हैं कि भारत में रह रहे लोग (जम्मू-कश्मीर) अमन और चैन की जिंदगी बिता रहे हैं। जबकि, पीओके में पाकिस्तान सरकार लोगों पर जुल्म पर जुल्म और नाइंसाफी करती है। इससे वहां के लोगों को तकलीफ होती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा, पीओके पर सिर्फ गैर कानूनी कब्जा कर लेने से पाकिस्तान का अधिकार नहीं बन जाता, भारत की संसद में पीओके को लेकर एक सर्व सम्मत प्रस्ताव पारित है- पीओके भारत का हिस्सा था, है और आगे भी रहेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि पीओके भारत का हिस्सा है, इसको लेकर संसद में तीन प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं।

गौरतलब है कि इन दिनों पाकिस्तान की हालात बेहद खराब चल रही है। अवाम भूख और गरीबी से जूझ रही है। साथ ही पाक अधिकृत कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान से भी पाकिस्तान के खिलाफ आवाज उठने लगी है। पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों ने पाकिस्तान सरकार पर उनके साथ भेदभाव करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। यहां के नाराज लाग अब पीओके को भारत में मिलाने की मांग करने लगे हैं। शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कश्मीरी उन्हें भारत के लद्दाख में एक बार फिर से मिलाने की बात कहनी शुरू कर दी है।

कुछ समय पूर्व पाक अधिकृत कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान में वहां के लोग पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते देखे जा सकते थे । वहां के हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और जुलूस निकलते रहते हैं। पीओके के लोगों की मांग उन्हें भारत के लद्दाख क्षेत्र में मिला देने की रही है। इस मांग के तेज होते ही पाकिस्तान सरकार की नींद उड़ी गई थी । इस विरोध प्रदर्शन के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे । रैली में लोगों ने कारगिल सड़क को खोलने की मांग की। उन्होंने नारा लगाया कि आर पार जोड़ दो, कारगिल को खोल दो।

स्पष्ट है कि अब पाकिस्तान टूटने वाला है और अब वहां बगावत भी शुरू हो गयी है, जिसकी पुष्टि खुद पाकिस्तान की जनता बार-बार खुल कर मीडिया के सामने कर रही है और साथ ही साथ भारत की प्रगति के कसीदे भी पढ़ते नजर आते हैं। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार जोकि अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को नहीं संभाल पा रही है उसने ढङ्क' का भी बेड़ा गर्ग कर दिया है। जानकारी के अनुसार हाल ही में जब कुछ पाकिस्तानी अफसर ढङ्क' पहुंचे थे तो वहीं के लोगों ने उन्हें खदेड़ दिया।

गौरतलब है कि इन दिनों पाकिस्तान में घनघोर खाद्यान्न संकट है। पूरा देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। आटे के लिए लंबी कतारें और लोगों में संघर्ष देखा जा रहा है। इसको लेकर लोगों में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है। वहीं पाक अधिकृत कश्मीर के लोग सेना के खिलाफ भी खुलकर बयान दे रहे हैं। हाल ही में तालिबान की तरफ से भी पाकिस्तान को चेताया गया है। तालिबान की तरफ से भी पाकिस्तान का चुनौती मिलने से वह परेशान दिखने लगा है। इस बीच पीओके में पाकिस्तान विरोध और भारत में शामिल किए जाने की आवाज से पाकिस्तान सरकार और सेना की नींद उड़ने लगी है। लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश होने लगी है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान की मौजूदा हालात पर इन दिनों दुनिया भर की नजरें हैं। इसी बीच अमेरिका के डेलावेयर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर मुक्तदर खान ने यह कह कर बवाल खड़ा कर दिया है कि भारत चाहे तो जंग का ऐलान कर पीओके और बाकी इलाकों को अपने में मिला सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस समय एक नाजुक मोड़ पर खड़ा है। ऐसे में भारत चाहे को उस पर चढ़ाई कर सकता है।

उधर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने पहले ही कह दिया है कि हमें भारत से युद्ध नहीं करना चाहिए था। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि हमने भारत के साथ तीन युद्ध लड़े। लेकिन बदले में हमें परेशानी, गरीबी और बेरोजगारी मिली। हमने अपना सबक सीख लिया है। हम शांति के साथ रहना चाहते हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भारत के साथ ईमानदारी से बातचीत करने ऑफर भी दिया था ।

जिसपर अमेरिका के डेलावेयर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर मुक्तदर खान ने कहा है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के साथ ईमानदारी से बातचीत कहकर यू टर्न लिया है। खान ने कहा है कि पाकिस्तान हर मामले में कमजोर पड़ चुका है। हाल ये है कि कोई भी मुल्क पाकिस्तान पर हावी हो सकता है। भारत चाहे तो वो आसानी से कब्जा कर सकता है। इसके साथ ही मुक्तदर खान ने कहा है कि पाकिस्तान को सबसे पहले भारत का शुक्रिया अदा करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अभी तक पाकिस्तान के नाजुक हालात का फायदा भारत नहीं उठा पा रहा है। पाकिस्तान को यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के नेताओं को समझना होगा कि भारत के नेता अधिक सम्मानित हैं और उनके जैसे नहीं हैं।

मुक्तदर खान ने कहा कि पाकिस्तान मौजूदा समय में छह प्रकार के संकट का सामना कर रहा है। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक संकट, आर्थिक संकट, सुरक्षा का संकट, सिस्टम का संकट, पहचान का संकट और पर्यावरण संकट का हवाला दिया। इसके साथ ही हाल ही में वहां बिजली संकट खड़ा हो गया हैं। करीब दो दिन तक बिजली गुल रही थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर मुझे हजारों और लाखों बार भी ये पूछा जाए कि मैं भारत में एक मुस्लिम की तरह रहना चाहूंगा या फिर पाकिस्तान में एक हिंदू की तरह रहना चाहूंगा तो मेरा हर बार जवाब होगा कि मैं हर बार भारत में मुस्लिम बनकर रहना चाहूंगा।

गौरतलब है कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) चर्चा में रहा है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके पहले भी शौर्य दिवस के मौके पर जम्मू कश्मीर में खड़े होकर पाकिस्तान को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में उसने (पाकिस्तान) जो किया है, उसकी कीमत के रूप में पीओके खोकर चुकानी पड़ेगी। साथ ही भारत के उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कुछ समय पूर्व कहा था कि भारतीय सेना पीओके को वापस लेने जैसे आदेशों को पूरा करने के लिए तैयार है। इस प्रकार की बातों से भी पीओके में रहने वालों को भारत से उम्मीद बंधी हैं।

साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा था कि अब पीओके को आजाद कराने और भारत में शामिल कराने का वक्त आ गया है। ईश्वर से प्रार्थना करें कि हम अपने जीवनकाल में यह अवसर देख पाएं। राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने भी ट्वीट किया था कि 1947 में पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा यूएन में दायर किया प्रस्ताव वापस लेकर पीओके को सेना हासिल कर सकती है। कुल मिलाकर, पीओके हर किसी की जुबान पर है, लेकिन क्या वाकई इसे पाकिस्तान के कब्जे से छुड़ाया जा सकता है?

कुछ समय पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर के अनुसार सबकुछ संभव है, लेकिन इससे पहले हमें आतंकवाद और पाकिस्तान के प्रति रवैया बदलना होगा। अभी तक हम डिफेंसिव मोड में रहे हैं लेकिन अब हमें ऑफेंसिव-डिफेंस की नीति अपनाना होगी। यानी सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक यह दिखाती है कि यदि हम पर हमला होगा तो हम न सिर्फ उसका माकूल जवाब देंगे बल्कि उसे जड़ से खत्म करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर आया बयान भी यह दिखाता है कि सरकार कितनी मतबूत है और दुश्मन को सही जवाब देने के लिए हम कितने सक्षम हैं।

जनरल कपूर बताते हैं कि अभी हमें आतंकियों को नियंत्रण रेखा पार करने से रोकना होगा। चूंकि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा है, इसलिए पहला फोकस वहां के लोगों पर, खासकर घाटी के लोगों पर होना चाहिए। वहां के लोगों को जब यह अहसास हो जाएगा कि अनुच्छेद 370 हटना उनके लिए फायदेमंद है, भारत सरकार और सेना उनकी सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए काम कर रही है, तो आगे की राह अपने आप आसान हो जाएगी।

संविधान विशेषज्ञ विराग गुप्ता के अनुसार, संविधान के मुताबिक, पीओके भारत का अभिन्न अंग है। यह पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। पीओके हासिल करने में न तो कोई कानूनी बाध्यता है और न संयुक्त राष्ट्र का कोई दबाव। यूएन इस मामले में कुछ नहीं कर सकता। अब बात आती है कि यह कैसे संभव है, तो बातचीत से इसका हल निकलने से रहा। दूसरा, जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद पाकिस्तान तिलमिला गया तो पीओके की बात करने से क्या होगा, आप सोच ही सकते हैं। इसका एक ही रास्ता है, पाकिस्तानी सेना को वहां से खदेड़ना होगा।

# देश और समाज की अवमानना है ! द्रौपदी मुर्मू के साथ दुर्व्यवहार!!

**के. विक्रम राव**



जगन्नाथ मंदिर में बैरिकेडिंग के पीछे खड़ी अर्चना करतीं द्रौपदी मुर्मू।

**दिल्ली की** हौज खास पुलिस को तत्काल वहां स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के पंडों पर कार्यवाही करनी चाहिए। अपराध है ईशनिन्द, राष्ट्रद्रोह, समता के संवैधानिक हक की अवमानना, जनजाति सम्मान का तिरस्कार करना, सामाजिक समरसता और सामंजस्य को हानि पहुंचाना, आमजन को विद्रोह हेतु भडकाना, अशोक चक्र का निरादर करना। इतनी हिमाकत इन स्वसंचालित ठेकेदारों की ? वे तय करेंगे कि कौन भक्त मंदिर में प्रवेश करेगा ? राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बैरिकेडिंग के पीछे खड़े होकर आराधना करनी पड़ी। वह दिन (20 जून 2023) मुर्मू का जन्म दिवस भी था। पूजा और आशीर्वाद हेतु पूजास्थल (हाउज खास) वे गईं थीं। उनको भगवान की मूर्तियों का चरण स्पर्श नहीं करने दिया गया। गर्भगृह से दूर ही खड़ी रहीं। यहां प्रसंग है वह नहीं है कि भारत के प्रथम नागरिक किस लिंग का हो, किस मत का अवलंबी हो, आस्तिक हो, भिन्न धर्म का हो। बताते हैं कि यहां मुख्य अतिथि पुरुष ही होता है। यहां सामाजिक अधिकार का मसला है। राष्ट्रपति के अलावा द्रौपदी मुर्मू ब्रह्मकुमारी संप्रदाय मे सक्रिय हैं। ये लोग परमपिता ब्रह्मा के आस्थावान जन हैं। विश्व शांति तथा मानवीय समानता के प्रतिपादक हैं। इस संदर्भ में लोकसभा में सोनिया-कांग्रेस के नेता और पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष स्वनामधन्य अधीर रंजन चौधरी की उक्ति याद आती है। उन्होंने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कह दिया था। इसके गंदे अर्थ होते हैं। हरजाई। आश्चर्य कि कांग्रेस की महिला नेता ने इस बेहूदगी तथा बदतमीजी पर माफी मांगना तो दूर, खेद तक कभी व्यक्त नहीं किया था। इस पूरे कांड पर सफाई मे मंदिर के पुजारी सनातन पाधी ने जो कहा वह बात बड़ी टेढ़ी लगती है। वे बोले : लोगों को सोचना चाहिए कि मंदिर में पूजा करने का भी प्रोटोकॉल होता है। मंदिर में सभी हिंदू जा सकते हैं चाहे वो किसी भी जाति के क्यों न हों। पुजारी मंदिर के गर्भगृह में वही पूजा कर सकते हैं जिसको हम महाराज के रूप में आमंत्रित करते हैं। राष्ट्रपति व्यक्तिगत तौर पर जगन्नाथ का आशीर्वाद लेने आईं थीं। तो वो कैसे अंदर आ सकती हैं ? ऐसी ही एक घटना 18 मार्च 2018 को पुरी के पुरातन मंदिर में हो चुकी है। तब राष्ट्रपति (अब पूर्व) रामनाथ कोविंद भी पत्नी सविता के साथ दर्शन के लिए गए थे। उन्हें सेवायतों (पंडो) ने रोकने की कोशिश की थी। कोविंद ने पुरी के तत्कालीन जिलाधिकारी से आपत्ति भी जताई थी। श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन की बैठक में इस घटना पर चिंता व्यक्त की गई। पर कार्यवाही अब तक नहीं की गई। राष्ट्रपति भवन ने भी असंतोष जाहिर किया था। कोविंद दलित समाज से हैं। तत्कालीन राष्ट्रपति जब रत्न सिंहासन (महाप्रभु जगन्नाथ विराजमान होते हैं) पर माथा टेकने गए तो वहां पर मौजूद खूंटिया मेकाप (सेवायतों) सेवकों ने उनका रास्ता नहीं छोड़ा। यही नहीं उनकी पत्नी के भी सामने भी आ गए थे।

जगन्नाथ मंदिर में ही एकदा प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी 1984 में प्रवेश नहीं करने दिया गया था। कारण था कि उन्होंने पारसी मतावलंबी फिरोज घांडी से प्रेम विवाह किया था। पुजारियों का मानना था कि केवल हिंदू आस्थावान ही प्रवेश-पूजा कर सकते हैं। ऐसी ही घटना काठमांडू में सोनिया गांधी के साथ भी हुई थी। तब प्रधानमंत्री राजीव गांधी नेपाल की यात्रा पर थे। ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर में ईसाईधर्मी सोनिया दर्शन नहीं कर पाई थीं। प्रतिक्रिया में राजीव गांधी ने नेपाल को तेल, खाद्य सामग्री आदि की आपूर्ति बंद कर दी थी। भारत में दलित-मंदिर प्रवेश का जबरदस्त और सफल अभियान चला था 30 मार्च 1924 से 23 नवंबर 1925 तक त्रावणकोर (केरल) रियासत के वैकॉम में। तब महात्मा गांधी ने इसे प्रेरित किया था। अंततः महाराजा को विवश होकर मंदिर के कपाट खोलने पड़े थे। इन सब जन-संघर्ष के सिलसिले में काशी विश्वनाथ में भी दलित प्रवेश का संघर्ष बड़ा जीवंत शक्तिशाली और यादगार है। इसका विशद विवरण विधायक और मंत्री रहे शतरूद्र प्रकाश की नवीन पुस्तक : श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से धाम तक तीन कानून किताब में लिखा है। वे बताते हैं कि 14 मार्च 1956 को सोशलिस्ट नेता राजनारायण ने इस प्रस्ताव मंदिर प्रवेश के मसले को विधानसभा में उठाया था। काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सिटी मैजिस्ट्रेट ने एक सप्ताह के लिए धारा 144 लगा दी और 11 मार्च को दलित सत्याग्राहियों ने सिविल नाफरमानी की। मंदिर में प्रवेश की कोशिश करने लगे। अंततः जन संघर्ष के सामने सत्ता को माथे टेकने पड़े। सन् 1958 में तमाम संघर्षों के फल स्वरूप दलितों के लिए बाबा विश्वनाथ मंदिर के कपाट खुल गए। तब से भोलेनाथ सब के हो गए।

इन सारी घटनाओं और व्यवधानों की रोशनी में समय रहते अयोध्या में भी निमार्णाधीन राम मंदिर में हर हिंदू के निर्बाध तथा बिना रोकटोक प्रवेश सुनिश्चित करना आस्थावानों का धर्म है, कर्तव्य भी। जगन्नाथ पुरी तो सभी की हैं। पंडों की कैद से मुक्त हो। आस्था का यह तकाजा है।

# मोदी को ही सर्वोच्च सम्मान क्यों ?

**डॉ. वेदप्रकाश**

**मोदी** को ही सम्मान अथवा सर्वोच्च सम्मान क्यों? यह प्रश्न कुछ लोगों के मन में अवश्य आता होगा। ऐसे लोगों से निवेदन है कि वे निहित स्वार्थों का चश्मा हटाकर, तटस्थ भाव से प्रधानमंत्री मोदी का विश्लेषण करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे शिखर व्यक्तित्व हैं, जिनके कृतित्व के कारण उन्हें न केवल भारतवर्ष में अपितु समूचे विश्व में सर्वोच्च सम्मानों से सम्मानित किया जा रहा है। हाल ही में उन्हें मिस्त्र का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द नील मिला है। यह उन्हें विदेश से मिला 13 वां सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। वे भारतवर्ष के एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें सर्वाधिक सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। ध्यातव्य है कि वर्ष 2016 में सऊदी अरब ने उन्हें ऑर्डर आफ अब्दुल अजीज अल सऊद नामक सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। यह गैर मुस्लिम गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाने वाला सऊदी अरब का सर्वोच्च सम्मान है। वर्ष 2016 में ही अफगानिस्तान ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान द स्टेट ऑर्डर आफ गाजी अमीर अमानुल्ला खान से सम्मानित किया। वर्ष 2018 में फलस्तीन का सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कालर आफ द स्टेट आफ फलस्तीन अवार्ड मिला। वर्ष 2019 में संयुक्त अरब अमीरात ने उन्हें ऑर्डर आफ जायद अवॉर्ड से सम्मानित किया। वर्ष 2019 में ही रूस ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर आफ सेंट एंड्रयू अवार्ड से सम्मानित किया। वर्ष 2019 में ही मालदीव ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑर्डर आफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशां इज्जुद्दीन सम्मान से सम्मानित किया। वर्ष 2019 में ही बहरीन ने अपने शीर्ष सम्मान किंग हम्माद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां से नवाजा। वर्ष 2020 में अमेरिका ने उन्हें असाधारण सेवाओं के लिए सैन्य सम्मान लीजन ऑफ मेरिट से सम्मानित किया। वर्ष 2021 में भूटान ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान आर्डर ऑफ द ड्रक ग्याल्प से सम्मानित किया। वर्ष 2023 में पलाऊ गणराज्य के राष्ट्रपति ने उन्हें एबाकल अवार्ड से सम्मानित किया। वर्ष 2023 में ही फिजी ने प्रधानमंत्री मोदी के वैश्विक नेतृत्व को मान्यता देने हेतु अपने सर्वोच्च सम्मान द कंपेनियन आफ द ऑर्डर आफ फीजी से सम्मानित किया। वर्ष 2023 में ही प्रशांत महासागर के द्वीपीय देशों की एकता की वकालत करने और ग्लोबल साउथ के मुद्दे का नेतृत्व करने के लिए पापुआ न्यू गिनी ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान कंपेनियन आफ द ऑर्डर आफ लोगोहू से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी को मिले ये सभी सर्वोच्च सम्मान भारत के जन जन के लिए गर्व का विषय हैं। ध्यातव्य है कि मिस्त्र द्वारा दिया गया ऑर्डर आफ द नील सम्मान उन राष्ट्राध्यक्षों अथवा प्रमुखों को दिया जाता है जिन्होंने मिस्त्र या मानवता की अमूल्य सेवा की हो। मिस्त्र के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार ग्रैंड मुफ्ती डा. शाकी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की तारीफ की और कहा कि वह सबको साथ लेकर चल रहे हैं और बहुलवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। यहाँ यह भी ध्यान देने योग्य है कि विश्व के सर्वाधिक राजनीतिक नेतृत्व का अनुभव रखने वाले प्रधानमंत्री मोदी हर क्षण मानवता के कल्याण के लिए चिंतित और प्रतिबद्ध रहते हैं। वे भारतीय चिंतन में विद्यमान वसुधैव कुटुंबकम्‍ और सर्वे भवंतु सुखिनः के मंत्र को आत्मसात करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबमें विश्वास की भावना से काम कर रहे हैं। 15 अगस्त 2020 को लालकिले की प्राचीर से उन्होंने कहा था कि- भारत का लगातार प्रयास है कि अपने पड़ोसी देशों के साथ हम अपने सदियों पुराने सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक रिश्तों को और गहराई दें...।

# पागलपंती का चैलेंज

**डॉ. सुरेश कुमार**

**आजकल** फेसबुकिया निठल्लों पर कपल चैलेंज का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है। बोल नहीं नाच रहा है। एंगल-बेएंगल थोपड़ा लिये फेसबुक पर अपनी किस्मत की कव्वाली करने पर तुले हैं। अब कौन समझाए कि कव्वाली और घरवाली में क्या फर्क है? कव्वाली में एक बार के लिए जुगलबंदी हो सकती है, लेकिन घरवाली के सामने जुबानबंदी के सिवाय कुछ नहीं। जुबान खुली कि नहीं बंदा जान से अनजान, नाम से गुमनाम और पल में शमशान तक पहुँचने में देर नहीं लगती। बावजूद इसके बहुत सारे फेसबुकिया शूर-वीरों में लाइककिंग बनने की ऐसी मराड़ मची है कि न उन्हें दिन का होश है और न रात का। जब देखो तब एक ही भूत सवार है- कपल चैलेंज। कपल चैलेंज न हुआ ऑस्कर अवार्ड हो गया। नौकर से लेकर तस्कर तक, जोकर से लेकर ब्रोकर तक और छुटकर से बड़कन तक सब में नाशपिटिया ससुरा फेसबुकिया का हव्वा सवार है। जो देखो वही मुँह उठाए चला आता है। मानो गैरों की शादी में अब्दुल्ला की जगह कपल को दीवाना बनना है। एक दिन अचानक फेसबुकिया के मुँह पर लड़की के नाम से किसी लड़के ने कपल चैलेंज का पोस्टर चेप दिया। लिखा था- जो कोई माई का लाल है, उससे यह सवाल है कि आ जाना फलाना तारीख और टाइम को फेसबुकिया चैलेंज लेने। फेसबुकिया बाँकुरों के बीच सवाल ने ऐसा बवाल मचाया कि सबकी चाल बदली-बदली सी लगने लगी। सभी बताए तारीख और टाइम को फेसबुकिया अखाड़े में पहुँचे। कमाल की बात यह थी कि सबके सब चेहरे पर मुखौटा लगाए पहुँचे थे। कोई अपना चेहरा दिखाना नहीं चाहता था उन्हें डर था कि कोई उनकी नकल न कर ले। सभी अपने-अपने कपल के साथ कैट, डॉग, बुल वॉक करते हुए अपनी तस्वीरें चेपने लगे। चूँकि कोरोना काल था इसलिए कपल चैलेंज पर इसका असर साफ-साफ दिखायी दे रहा था। पहले एक कपल ने अपनी तस्वीर ऐसे चेपी जैसे उसे अमेरिका में प्रचार प्रसार के लिए बुलाया गया हो। तस्वीर में युवक अपनी पत्नी के पैर दबा रहा था और पत्नी रिमोट से चैनल। यह कपल तस्वीर कोरोना काल की आधी आबादी की सच्चाई बयान कर रही थी। तस्वीर चेपने वाले की जमकर तारीफ की जा रही थी।

## मेरा बूथ-सबसे मजबूत: घर-घर भाजपाइयों ने किया सम्पर्क, प्रधानमंत्री का सुना उद्बोधन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा नेतृत्व की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूरे होने पर महा जनसम्पर्क अभियान के तहत बांदा-चित्रकूट लोकसभा के चित्रकूट के 11 मंडलों के 850 बूथों में मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद आयोजित हुआ।

मंगलवार को कर्वी नगर मंडल में भजन संध्या स्थल सीतापुर में प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी, जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय की मौजूदगी में भरतकूप मंडल में पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, गनींवा मंडल में जयप्रकाश पाण्डेय मौजूद रहे। बूथ संवाद में भोपाल में मौजूद भाजपा कार्यकताओं तथा देश के दस लाख बूथों पर सहभागी कार्यकर्ताओ को मोदी ने सम्बोधित किया। शुरूवात में सभी कार्यकताओं ने वन्देमातरम गाया। बूथ संवाद के बाद कार्यकर्ता टोलियां बनाकर घर-घर सम्पर्क अभियान को निकले। एक टोली जिला प्रभारी देवेश कोरी, एक टोली जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, एक टोली भैरोप्रसाद मिश्र, एक टोली नरेंद्र गुप्ता तथा एक टोली पंकज अग्रवाल की अगुवाई में घर-घर सम्पर्क को निकली।

घर-घर सम्पर्क करते हुए देवेश ने जन-जन से कहा कि मोदी सरकार में विदेश नीति मजबूत हुयी है। पहले भारत के राष्ट्राध्यक्ष दुनिया के किसी देश मे जाते थे तो हेय दृष्टि से देखा जाता था। आज दुनिया के कई शक्तिशाली देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सलाह लेकर काम करते हैं। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल के स्वर्णिम कार्यकाल पूरा होने पर चलाये जा रहे कार्यक्रमों के तहत मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत मोदी का लाइव उद्बोधन बूथ स्तर पर सुना गया। कार्यक्रम में जगह-जगह पर पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, दिनेश तिवारी, जगदीश गौतम, अंजू वर्मा, राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, भागवत त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, अखिलेश, राघव, रवि गुप्ता, हीरो मिश्र, महेन्द्र कोटार्य, रोहित, अभिषेक, भवानी, रामसागर चतुर्वेदी, सुरेश अनुरागी, रामरतन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त टीम ने की न्यायालय परिसर की जांच



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान अनुज मिश्र की अगुवाई में दरोगा सूर्यकांत अरूण राय व न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार की मौजूदगी में एलआईयू एवं डॉग स्क्वायड की संयुक्त टीम ने न्यायालय परिसर कर्वी की सघन जांच की।

मंगलवार को पुलिस टीम ने न्यायालय परिसर के सभी स्थलों की बारीकी से जांच की। जांच दौरान देखा कि कोई संदिग्ध व्यक्ति न्यायालय में प्रवेश तो नहीं कर गया। जांच टीम को जांच में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति व संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। टीम में दरोगा जगदीश प्रसाद, दीवान धर्मपाल सिंह सेंगर, दीवान भगवती राजपूत, एलआईयू व डॉग स्क्वायड तथा न्यायालय सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो देशी बम समेत दबोचा युवक

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने आशुतोष रैकवार उर्फ चन्दन पुत्र दिनेश कुमार निवासी जल संस्थान के सामने जनकपुरी वार्ड 17 को दो देशी बम समेत गिरफ्तार किया।

मंगलवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह को सूचना मिली कि बम समेत जल संस्थान के सामने आशुतोष रैकवार उर्फ चन्दन मौजूद है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। कोतवाली कर्वी में उसके खिलाफ 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही दिनेश यादव व वीरपाल शामिल रहे।

## माइन टैग व हाई सिक्योरिटी नम्बर अनिवार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने सभी खनन पट्टा धारकों/भंडारणकताओं से कहा कि खनिजों का ढुलान करने वाले वाहनों पर एक जुलाई से माइन टैग अनिवार्य समेत हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहन ही खनिजों का परिवहन कर सकेंगे।

मंगलवार को उन्होंने निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के हवाले से कहा कि केवल हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगे वाहनों से ही ढुलान खनिजों का होगा। उन्हीं वाहनों से जिन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर वाहनों को खनन पट्टा भंडारण स्थल में प्रवेश नहीं मिलेगा। आरएफआईडी युक्त माइन टैग की अनिवार्यता एक जुलाई से कर दी गई है। बिना माइन टैग वाले वाहनों के खनन पट्टा क्षेत्र अथवा भंडारण स्थल पर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। निर्देश दिये कि खनिजों का परिवहन केवल उन्हीं वाहनों से हो जिन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी हो।

## 29 जून को बकरीद पर बन्द रहेंगे न्यायालय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि उच्च न्यायालय के कैलेण्डर ईद-उल-जुहा का अवकाश 30 जून शुक्रवार को घोषित है। शहर काजी कर्वी चित्रकूट की आख्या ईद-उल-जुहा शहर में 29 जून गुरुवार को मनाया जा रहा है। जिला अधिवक्ता संघ कर्वी ने भी 30 जून की जगह 29 जून को ईद-उल-जुहा का अवकाश घोषित करने को कहा है।

उन्होंने बताया कि 30 जून की जगह 29 जून को अवकाश घोषित किया जाता है। घोषित अवकाश में जिले के सभी दीवानी न्यायालय एवं कार्यालय, बाह्य न्यायालय सिविल जज (जूडि) मऊ तथा ग्राम न्यायलय मानिकपुर बन्द रहेंगे।

## पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप में बताया कि शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश में पिछले वर्षों की भांति गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को पद्म विभूषण तथा पद्मश्री की उपाधियां भारत सरकार देगा। आगामी वर्ष 2024 को भारत सरकार की उपाधियों के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। ये पुरस्कार असाधारण उपलब्धियों और विशिष्टता के कार्य को पहचानने एवं गतिविधियों/अनुशासन को विभिन्न क्षेत्रों में दिया जाता है। इन उपाधियों को पाने को निर्धारित प्रपत्र में संबंधित लोग राज्य सरकार के पास दस अगस्त तक ऑनलाइन भेज दें। इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी 31 जुलाई तक कार्यालय में जमा करा दें। पुरस्कारों को निर्धारित योग्यता की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से कर सकते हैं।

# तीन दम्पतियों के परिवार को टूटने से पुलिस ने बचाया

## तीनों दम्पति खुशी-खुशी गये घर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। मंगलवार को रैपुरा थाना के बांधी नटों का डेरा की श्रीमती फातिमा पत्नी अब्दुल कदीर ने महिला थाना में सौंपे पत्र में कहा कि पति अब्दुल कदीर पुत्र जाहिर अली आये दिन विवाद कर घर से निकाल दिया है। साथ रखने को तैयार नहीं है। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने शिकायत को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने व पारिवारिक दायित्यों का निर्वहन करने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, महिला सिपाही नीतू द्विवेदी, स्नेहा राजपूत शामिल रही।

इसी क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में दो दम्पत्तियों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया। पहाडी थाने के परसौंजा गांव की श्रीमती आशा देवी पत्नी घनश्याम ने पुलिस अधीक्षक को



सौंपे पत्र में कहा कि पति घनश्याम निवासी मऊ ब थाना भरतकूप आये दिन मारपीट करते हैं। दहेज के लिये प्रताड़ित करते हैं। कोतवाली कर्वी के छिपटहरी तरौंहा के मो मुकीम पुत्र मो रशीद ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पत्नी शबनम निवासी डाडियन टोला तरौंहा उसके साथ नहीं रहती। पुलिस अधीक्षक ने पत्रों के निस्तारण को परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र की महिला आरक्षी सुरुची चैधरी ने शिकायतों को विस्तार से समझकर दूसरे पक्षों को पुलिस कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनों दम्पत्ति ने तालमेल से रहने का वायदा किया।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने क्षय रोगियों को बांटी पोषक किट

## एसपी-सीडीओ की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने गोद लिए नये क्षय रोगियों में से 50 क्षय रोगियों को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में क्षय रोगियों को निक्षय पोषण किट बांटी। मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में क्षय रोगियों को पोषण किट देते हुए सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि रेडक्रास सोसाइटी ने पूर्व में भी महत्वपूर्ण सराहनीय कार्य किये हैं। सभी रोगियों के लिए के किट लाभदायी होगी। उन्होंने क्षय रोगियों से कहा कि किट में दिये पोषण आहार का नियमित प्रयोग और दवा भी लेते रहें। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने संस्था को सराहते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य से पीड़ितों को लाभ मिल रहा है।



सभी को सहभागिता करनी चाहिए, ताकि जिला टीबी रोग से मुक्त हो सके। उन्होंने गोद लेने वाले सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में शामिल होने में उन्हें खुशी की अनुभूति होती है। वर्तमान में जो आहार लेते हैं, उसमें न्यूट्रीशन की कमी होती है। इसकी पूर्ति पोषण किट में दी जा रही सामग्री से पूरी होगी।

सोसाइटी के सचिव केशव शिवहरे ने कहा कि गोद लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित नये क्षय रोगियों के निरोग होने तक पोषण किट बांटी जाएगी।

प्रत्येक रोगी को मूंगदाल, मूंगफली दाना, भूना चना, गुड़ एवं सोया बडी दी जा रही हैं। पिछले वर्ष सोसाइटी ने एक सैकड़ा क्षय रोगियों को गोद लिया था, जो स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। वर्तमान में 50 नये क्षय रोगी गोद लेकर स्वस्थ होने तक पोषण आहार किट बांटी जायेगी। गोद लेने वाले रेडक्रॉस सदस्यों में डॉ सुधीर अग्रवाल, डॉ सीताराम गुप्ता, अजय अग्रवाल, देवेश जैन, डॉ सीएन सिंह, डॉ शशांक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, संजय अग्रवाल एड से अपेक्षा की है कि समय-समय पर रोगियों के हाल लेकर उन्हें सपोर्ट देते रहें, ताकि क्षय रोगी समाज से खुद को अलग न समझें। इस तरह के जन उपयोगी कार्य निरन्तर आगे भी होते रहेंगे। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने आभार जताते हुए रोगियों के हाल जाने। क्षय रोग विभाग से दी जा रही दवाओं का नियमित सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि जिले में 1200 टीबी रोगी चिन्हित हैं। जिनकी मॉनिटरिंग हो रही है। किट में दिए पौष्टिक आहार एवं दवाइयों के सेवन से इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत होगा। कार्यक्रम में डीटीओ डॉ एके आजाद, डॉ दिलीप सिंह होम्योपैथ अधिकारी, डॉ सीताराम गुप्ता, देवेश जैन, सौरभ जैन, डॉ सीएन सिंह, ज्ञानचंद्र शुक्ला पीपीसी, विवेक मिश्र पीपीएम, मुन्ना प्रसाद, अतुल गुप्ता, अम्बरिष कुमार टीबी चैम्पियन, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार समेत लाभार्थी मौजूद रहे।

## बसपा नेता ने ज्वेलर्स पर लगाये आरोप , सीएम को लिखे पत्र में जांच की मांग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय के शंकर बाजार में स्थित सूरज ज्वेलर्स के बड़े पैमाने पर कालाबाजारी मिलावटी जेवर बेंचने और अवैध ढंग से ब्याज का गोरखधंधा करने की शिकायत बसपा के वरिष्ठ नेता रमेशचंद कुरील ने मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि सूरज ज्वेलर्स के मालिक रामनारायण सोनी सोने-चांदी में मिलावट कर-के सौ फीसदी रुपये लेता है 70-75 फीसदी के जेवर देता है। ग्राहकों को जेवर के कच्चे पर्चे देता है। किसी भी ग्राहक को जीएसटी बिल नहीं दिया जाता।

मंगलवार को बसपा नेता रमेशचन्द्र कुरील ने कहा कि सूरज ज्वेलर्स टैक्स चोरी करता है। सूरज ज्वेलर्स के रामनरायण सोनी ब्याज सूद का गोरखधंधा भी करता है। कुछ ही वर्षों में उसने अकूत संपत्ति बना ली है। सूरज ज्वेलर्स के शोरूम समेत दो मंजिला मकान बनकट, दो मकान दो मंजिला, आवास व बलदाऊ मंदिर के पास भी दो मंजिला मकान, काली देवी मंदिर के पीछे और कपसेठी के पास 35 बाई 70 का मकान समेत कर्वी- राजापुर रोड में अशोह गांव में आवासीय भूखण्ड है। शिकायतकर्ता रमेशचंद कुरील ने मुख्यमंत्री से धोखाधड़ी से कमाई संपत्ति की जांच कराने की मांग की है। सरकार के टैक्स चोरी मामले की जांच बड़ी एजेंसी से कराई जाये तो अवैध कारोबार का खुलासा होगा।

**ब्लैकमेल कर रहा पूर्व लेखपाल**

**चित्रकूट।** सूरज ज्वेलर्स के मालिक रामनारायण सोनी ने कोतवाल कर्वी को दी तहरीर में कहा कि चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय पुत्र दीनबन्धु निवासी लक्ष्मणपुरी टाकीज के पीछे कोतवाली कर्वी ने उसकी दुकान से बीस लाख रुपये के जेवर खरीदे थे। भुगतान को 11 मई 2022 का चेक दिया था। जो बाउंस हो गया। कोर्ट में मामला दायर करने पर न्यायालय ने चन्द्रिका उपाध्याय के खिलाफ 20 जून को वारंट जारी किया है। पूर्व लेखपाल चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय और बसपा नेता रमेशचन्द्र कुरील घनिष्ठ मित्र हैं। कुछ दिन पहले रमेशचन्द्र कुरील व चन्द्रिका उपाध्याय के बेटे ने प्रिंटिंग प्रेस में उसकी फर्म के नाम से फर्जी बिल छपवा रहे थे। अब ये लोग जबरन दबाव बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। मानसिक रुप से उसे प्रताडित कर रहे हैं। दोनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ---------

## आनलाइन कारोबार करें बन्द: जगदीश गुप्ता, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यवस्था को बंद करने को प्रांतीय उपाध्यक्ष/पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा की अगुवाई में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि ऑनलाइन व्यापार होने से भारत के सात करोड दुकानदारों व कर्मचारियों का धंधा चैपट होने से जीवन बर्बाद हो रहा है। मंगलवार को ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यवस्था से हर वर्ग प्रभावित है। व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, मजदूर बेहद परेशान हो गये हैं। ऐसा ही रहा तो दुकानदारी ठप हो जाएगी। जिलाध्यक्ष जगदीश गुप्ता ने कहा कि देश में सौ पचास कारपोरेट घराने जब घर-घर माल भेजेंगे तब खुदरा व्यापारियों का जीवन बदहाल हो जाएगा। देश की अर्थव्यवस्था खतरे में होगी। प्रधानमंत्री से मांग उठाई कि भारत के खुदरा व्यापारियों को भारत सरकार संरक्षण देकर जीवन और व्यापार को बचाने का काम करे।

इस मौके पर जिला मंत्री आनंद सागर खरे, प्रमोद अग्रहरी, उमाशंकर सोनी, आनंद सागर, रामनारायण सोनी, गोरेलाल गुप्ता, कन्हैया कुमार, सौरभ कुमार, सोनू शिव प्रसाद जयसवाल, नानबाबू सोनी, सभासद शंकर यादव आदि मौजूद रहे।

# लोनिवि कर्मियों ने समस्याओं को लेकर किया कार्य

## 30 जून को होगी बेमियादी हडताल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी की अगुवाई में विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिशाषी अभियंता कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया।

मंगलवार को उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी की अगुवाई में विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना देते हुए कर्मचारियों ने कहा कि खंडीय संवर्ग के सहायकों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। 2023-24 स्थानांतरण नीति में स्पष्ट है कि




कुल कर्मियों की संख्या के अधिकतम दस फीसदी सीमा तक स्थांतरण किये जायें। मुख्य अभियंता लखनऊ ने दिशा-निर्देश जारी कर स्थांतरण प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। समस्याओं को लेकर शान्तिपूर्ण ढंग से अधिशाषी अभियंता के बाहर धरना देकर प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। चेताया कि 28 जून को प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। तीस जून को कार्यालय प्रमुख अभियंता परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन कर प्रदेश व्यापी बेमियादी हडताल की जायेगी। इस मौके पर सूर्यकांत सोनी, अनिल कुमार, छेदीलाल यादव, वाहिद अली, राजकरण यादव, रावेंद्र सिंह, कौशल कुमार पटेल, अनिल कुमार मौर्य, रघुवर पटेल, सुनील कुमार, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# नाले से बहकर नदी में आए कचरे को बुंदेली सेना ने किया साफ

## सफाई अभियान के पूरे हुए 30 दिन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नयागांव रपटा के पास चलाए सफाई अभियान में बुंदेली सेना ने नाले से बहकर मन्दाकिनी नदी में आए भारी भरकम प्लास्टिक कचरे को नदी से बाहर किया। सैकड़ों प्लास्टिक बोतलें, पन्नी और गंदगी हटाई गई। डीएम से नयागांव रपटे को तोड़कर बूडे हनुमान मंदिर के पास नया रपटा बनवाने की मांग की गई।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मन्दाकिनी नदी सफाई को 30 दिन पूरे हो गए हैं। बारिश के दौरान भी अभियान चलाएंगे, ताकि मलबे को बहा दिया जाये। रामघाट में नाले से बहकर बड़े पैमाने पर प्लास्टिक कचरा नदी में आ गया था। इस कचरे से नदी को मुक्त करने को पिछले तीन दिन से अभियान चल रहा था। इस दौरान सैकड़ों प्लास्टिक बोतलें, पन्नी और कचरा बाहर निकाला गया। नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला के निर्देश पर सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अजीत सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मांग किया है कि नयागांव रपटा के फाटक तोड़कर



बूडे हनुमान मंदिर के नीचे नया रपटा बनाया जाये। इस नए रपटे के बनने से करोड़ों की लागत से बने नए घाट के दिन बहुर जाएंगे। अभी घाट गंदगी से बजबजाते रहते हैं। निष्प्रयोज्य जैसे हैं। दीपावली में विश्व प्रसिद्ध गधा मेला लगता है। बूडे हनुमान मंदिर के पास रपटा बनने से मेले का आवागमन सुलभ होगा। खटकाना मोहल्ला और केवटरा गांव के हजारों लोग लाभान्वित होंगे। जब घाट का विस्तार हो रहा था, तब रपटा का प्रस्ताव भेजने की योजना थी, लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। बुंदेली सेना के सफाई अभियान में पप्पू खान, वीपी पटेल, अतुल सिंह, जानकी शरण गुप्ता आदि युवाओं ने योगदान दिया।

# विदेश संदेश

## भारत पर बयान को लेकर अमेरिकी दिग्गज ने ओबामा को लगाई फटकार

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के भारत पर दिये गए बयान को लेकर अमेरिकी दिग्गज जॉनी मूर ने उन्हें फटकार लगाई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आजादी पर बने अमेरिकी आयोग के पूर्व मुखिया जॉनी मूर ने कहा है कि बेहतर होगा कि ओबामा अपनी ऊर्जा किन्हीं और कामों में खर्च करें। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक साक्षात्कार में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर भारत की आलोचना की थी। इस पर जॉनी मूर ने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को भारत की आलोचना करने से ज्यादा भारत की तारीफ करने में अपनी ऊर्जा खर्च करनी चाहिए। भारत मानव इतिहास में सबसे विविधता वाला देश है। उन्होंने कहा कि भारत भी अमेरिका की तरह एक परफेक्ट देश नहीं है लेकिन इसकी विविधता ही इसकी ताकत है। यहां तक कि उस आलोचना में भी ओबामा ने न सिर्फ भारत की मदद की बल्कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना भी की। मैं निश्चित रूप से समझता हूं कि क्यों ओबामा ने उनके साथ कुछ समय बिताया था।



## घरेलू कलह दूर करने का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म; आपबीती सुनाने पर परिवार वालों ने किया प्रताड़ित

**इस्लामाबाद।** आजकल दुनियाभर से ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसे पढ़कर रिश्तों पर से विश्वास उठ जाए। दरअसल, एक महिला ने शिकायत दी है कि एक बाबा ने घरेलू कलेश दूर करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, हद तो तब पार हो गई, जब महिला ने अपने साथ हुई घटना को पति को बताया। पीड़िता का कहना कि जब उसने घरवालों को पूरी बात बताई तो उसके ससुराल वालों ने उसे ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बता दें, घटना पाकिस्तान की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि महिला एक मोबाइल स्टोर मालिक की पत्नी है। वह घर पर आए दिन कलेश को लेकर परेशान थीं। इस दौरान वह एक परिचित से मिली, जिसने उसे एक बाबा के बारे में बताया। परिचित का कहना था कि एक बाबा है, जो तावीज देकर लोगों की समस्याएं ठीक करता है। महिला को लगा कि रोज की कलेश दूर करने के लिए बाबा से मिला जाए। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि जब वह बाबा से पहली बार मिली तो उसने एक तावीज दिया। साथ ही आरोपी ने कहा कि वह अगली मुलाकात 23 जून को उसके घर पर करेगा। पुलिस ने कहा कि बाबा अगले दिन ही महिला के घर उस समय पहुंच गया, जब वह अकेली थी। पहले महिला के पास जाकर बैठा और छेड़खानी करनी शुरू कर दी। जब महिला ने विरोध किया तो उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। बाद में, पीड़िता को किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर फरार हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने हवाईअड्डा पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि जब दुष्कर्म के बारे में पति को बताया तो उसके साथ ससुरालवालों ने बुरा व्यवहार किया। पति, सास और ननद ने उसे प्रताड़ित किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

## कराची के अस्पताल में मिला टिकटॉकर आएशा का शव; ड्रग्स के ओवरडोज के बाद छोड़कर भाग गए थे दोस्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के शव को अस्पताल में लावारिश तरीके से पाए जाने के बाद पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। मृतिका की पहचान अएशा के तौर पर की गई है, जो पंजाब प्रांत के शेखपुरा शहर में एक टिकटॉकर थी। पुलिस ने मृतिका के पिता सुल्तान का बयान दर्ज कर ली है। पिता ने बताया कि वह पंजाब में रहती थी और एक होटल में काम करती थी। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी तीन साल पहले हुई थी जिसके बाद वह कराची के गुलिस्तान-ए-जोहर में रह रही थी। टिक टॉकर आएशा के पिता ने बताया कि उन्हें पुलिस के हवाले से बेटी के शव के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा- मेरी बेटी जिबरान और एक महिला दोस्त पिंकी के साथ एक पार्टी में गई थी। मेरी बोटी की मौत अत्याधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने की वजह से हुई है, और वह पुलिस स्टेशन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर चुके हैं।

# भारतीय मूल की आरती बनीं बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की निदेशक

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारतीय मूल की आरती होला-मैनी को बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। वे इटली की सिमोनेटा डि पिप्पो की जगह लेंगी।

आरती होला-मैनी की नियुक्ति की घोषणा करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि मैनी के उपग्रह उद्योग में अनुभवों को देखते हुए यह फैसला लिया है। होला-मैनी को 25 साल से ज्यादा प्रबंधकीय और वकालत कार्यों सहित अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने का अनुभव है। उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से जारी बयान में जानकारी दी गयी कि आरती ने हाल ही में नॉर्थस्टार अर्थ एंड स्पेस के स्थिरता, नीति और प्रभाव विभाग में कार्यकारी उपाध्यक्ष की भूमिका निभाई है। इससे पहले, मैनी ने ग्लोबल सैटेलाइट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के महासचिव के रूप में 18 साल



से अधिक समय बिताया। आरती ने विश्व आर्थिक मंच की अंतरिक्ष पर वैश्विक भविष्य परिषद के सदस्य के रूप में काम किया है। वे कोल पॉलिटेक्निक फेडरेल डी लॉजेन (ईपीएफएल) स्पेस सेंटर में ईस्पेस द्वारा प्रबंधित स्पेस सस्टेनेबिलिटी रेटिंग के सलाहकार समूह की सदस्य भी रही हैं। फोरम यूरोप की वरिष्ठ अंतरिक्ष नीति सलाहकार रह चुकी आरती सैटेलाइट इंडस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सलाहकार बोर्ड की सदस्य की जिम्मेदारी भी संभाल चुकी हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ अध्ययन 2021-2023 के लिए अंतरिक्ष यातायात प्रबंधन पर विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में काम किया है। आरती ने अपना स्नातक जर्मन लॉ में ब्रिटेन स्थित किंग्स कॉलेज लंदन से किया है। पेरिस के एचईसी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर किया है। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा भी रही हैं। उन्हें कई भाषाओं का ज्ञान है। वह अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन और पंजाबी बोलती हैं और उन्हें डच भी थोड़ी बहुत आती है।

# नेपाल ने चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट्स से बनाई दूरी

**काठमांडू।** चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना (बीआरआई प्रोजेक्ट्स) के तहत दक्षिण एशिया के कई देश चीनी कर्ज में डूब चुके हैं। बीआईआई प्रोजेक्ट्स के तहत चीन की इस खतरनाक लोन डिप्लोमेसी का असर श्रीलंका और पाकिस्तान में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। इससे सबक लेते हुए पड़ोसी देश नेपाल ने इस परियोजना के तहत विकास कार्य करवाने के लिए अब और कर्ज लेने से स्पष्ट रूप से इनकार किया है। बीआईआई प्रोजेक्ट्स के तहत चीन से मिलने वाले कर्ज से पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव में कई परियोजनाएं चल रही हैं। चीन नेपाल में भी बीआरआई प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहन देने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। हालांकि नेपाल सरकार ने इस



परियोजना के तहत कर्ज लेने से अब इनकार कर दिया है।

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने सोमवार को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया कि चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट्स को लागू नहीं किया गया है। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एनपी सऊद ने चीन के इस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा जा रहा था कि बीआरआई प्रोजेक्ट्स नेपाल में लागू हो चुका है। हालांकि बीआरआई प्रोजेक्ट्स को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की चुप्पी से भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एक जनवरी को पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान चीनी राजदूत चेन सोंग ने कहा था कि हवाई अड्डे का निर्माण बीआरआई प्रोजेक्ट्स के तहत किया जा रहा है। शनिवार को पोखरा में आयोजित ड्रैगन बोट फेस्टिवल में भी उन्होंने यही बात दोहराई। अब नेपाल के विदेश मंत्री सऊद का मौजूदा बयान चीन के इसी दावे का जवाब माना जा रहा है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश और बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश और बिजली गिरने से जुड़ी घटनाओं में महिलाओं और बच्चों समेत 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।पाकिस्तान में पंजाब के ज्यादातर हिस्सों में भारी मॉनसून पूर्व बारिश हुई और इसके 30 जून तक जारी रहने की संभावना है।रेस्क्यू-1122 के प्रवक्ता फारूक अहमद ने सोमवार को कहा, पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य व्यक्ति या तो जिंदा दफन हो गए या बिजली की चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि बिजली गिरने से नारोवाल, शेखपुरा और ननकाना साहिब शहरों में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में उपचार हो रहा है। अहमद ने कहा कि नारोवाल में मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बारिश से जुड़ी घटनाओं में लाहौर, शेखुपुरा, पसरूर, सियालकोट और कामोके में बिजली की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है।

# न्यूयॉर्क सिटी के पब्लिक स्कूलों में अब दिवाली पर होगा अवकाश

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर में रोशनी के त्योहार दिवाली पर अब स्कूलों में अवकाश रहेगा। शहर के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि उन्हें गर्व है कि राज्य के सदन और राज्य के सीनेट ने न्यूयॉर्क सिटी के पब्लिक स्कूलों में दिवाली पर छुट्टी रखने संबंधी विधेयक को पारित कर दिया।उन्होंने विश्वास जताया कि गवर्नर इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप देंगे। एडम्स ने कहा यह जीत केवल भारतीय समुदाय के महिला व पुरुषों और दिवाली मनाने वाले सभी समुदायों की नहीं, बल्कि यह न्यूयॉर्क की जीत है। इस वर्ष से न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी रहेगी। न्यूयॉर्क की प्रतिनिधि सभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने कहा कि इसके लिए दो



दशक से अधिक समय तक दक्षिण एशियाई और भारतीय-कैरिबियाई समुदाय ने संघर्ष किया है। यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि अब दिवाली पर न्यूयॉर्क सिटी के पब्लिक स्कूलों में छुट्टी रहेगी। न्यूयॉर्क सिटी स्कूल के चांसलर डेविड बैंक्स ने यह हम सबके लिए खुशी का पल है। उल्लेखनीय है जेनिफर न्यूयॉर्क राज्य की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली भारतीय-अमेरिकी महिला हैं। जेनिफर ने कहा कि दिवाली की छुट्टी को कानून में शामिल किया जाना चाहिए।

## लिथियम-आयन बैटरी निर्माता वैज्ञानिक जॉन बी गुडएनफ का 100 वर्ष की आयु में निधन

**न्यूयॉर्क।** उम्रदराज नोबेल पुरस्कार विजेता और लिथियम-आयन बैटरी के निर्माता वैज्ञानिक प्रोफेसर जॉन बी गुडएनफ का टेक्सास के ऑस्टिन में रविवार को निधन हो गया। उन्होंने 100 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कहा। यह जानकारी टेक्सास विश्वविद्यालय ने दी। इस विश्वविद्यालय में वह इंजीनियरिंग के प्रोफेसर रहे हैं। प्रो. जॉन बी गुडएनफ को अभूतपूर्व लिथियम-आयन बैटरी, रिचार्जेबल पावर स्रोत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए रसायन विज्ञान में 2019 का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। ये स्रोत अधिकांश आधुनिक पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड कारों को शक्ति प्रदान करता है।

उन्होंने लिथियम-आयन बैटरी पर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की



प्रयोगशाला में लंबे समय तक खोज की। तब 1980 में स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट कंप्यूटर के विकास की अनुमति मिली। जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों में भी उनकी बैटरियों का इस्तेमाल होता है। टेस्ला जैसी कई कंपनियों उनकी बैटरी प्रयोग करती हैं। प्रो. जॉन बी गुडएनफ की बैटरियों का उपयोग कार्डियक डिफाइब्रिलेटर जैसे जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों में भी किया गया है।वैज्ञानिक गुडएनफ को बैटरी पर अपने काम के लिए कभी कोई रॉयल्टी नहीं मिली। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ऑक्सफोर्ड और टेक्सास विश्वविद्यालय में एक वैज्ञानिक और प्रोफेसर के रूप में उन्होंने छह दशक तक सेवाएं दीं। वह वेतन मात्र से गुजारा करते रहे। उन्होंने आखिरी समय तक सहकर्मियों के साथ पेटेंट साझा किए और अपने पुरस्कारों के साथ आए वजीफे को अनुसंधान और छात्रवृत्ति के लिए दान किया।

# वैगनर के विद्रोह के आगे रूसियों की एकजुटता जीती : पुतिन

**मास्को।** रूस में वैगनर विद्रोह और उथल-पुथल के बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश को संबोधित किया। पुतिन ने कहा कि रूसी एकता जीती और वैगनर का विद्रोह हार गया। उन्होंने कहा कि वैगनर के विद्रोह से पैदा नहीं होगा। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि ये लोग रूस की जनता को



आपस में लड़ने के लिए मजबूर करना चाहते थे, जो सफल नहीं हो सका। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि इन विद्रोहियों की गलती माफ करने लायक नहीं है, लेकिन जिन्हें अपनी गलती का एहसास है वो या तो रूसी सेना में अनुबंध के तहत शामिल हो सकते हैं या बेलारूस जा सकते हैं।पुतिन ने कहा कि विद्रोह करने वाले चाहते थे कि सैनिक एक दूसरे को मारें और यही परिणाम कीव चाहता था। उन्होंने कहा कि वैगनर समुह के बहुमत सैनिक मातृभूमि के देश-भक्त हैं और बुरे कार्यों के लिए उनका इस्तेमाल किया जाने वाला था। पुतिन ने कहा कि इस स्थिति को सुलझाने के लिए मैं बेलारूस के राष्ट्रपति लुकशेंको का आभारी हूं। इससे पहले रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु निजी सैन्य समूह वैग्नर द्वारा विद्रोह किए जाने और उन्हें हटाने की मांग किए जाने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए। सोमवार को जारी एक वीडियो में वह यूक्रेन में रूसी सैनिकों से मिलते दिखे। इस वीडियो का मकसद देश में कई दशकों के इस सबसे गंभीर राजनीतिक संकट के बाद व्यवस्था बने रहने का संकेत देना है।

लेकिन अब भी उनके, बागी नेता एवगेनी प्रीगोझनि एवं निजी सेना के अस्तित्व के साथ ही यूक्रेन में युद्ध पर प्रभाव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के राजनीतिक भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।क्रेमलिन ने कहा कि उसने समझौता किया है जिसके तहत प्रीगोझनि को बेलारूस जाना होगा तथा उन्हें और उनके सैनिकों को क्षमादान मिलेगा। वैसे तो प्रीगोझनि के ठिकाने के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन एक समाचार चैनल ने टेलीग्राम पर खबर दी कि उन्हें बेलारूस की राजधानी मिंस्क में एक होटल में देखा गया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तान में तीन सेना के अधिकारी बर्खास्त, सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने में रहे थे विफल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सेना ने एक लेफ्टिनेंट समेत अपने तीन अफसरों को बर्खास्त कर दिया है और तीन मेजर जनरल और सात ब्रिगेडियर के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पाकिस्तानी सेना के अनुसार इन अधिकारियों पर सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने में विफल होने का आरोप है। ज्ञात रहे कि गत नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद देशभर में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान हुआ था। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोडफ़ोड़ की थी। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी भीड़ ने हमला किया था।

सैन्य प्रवक्ता मेजर जनरल



अरशद शरीफ ने बताया कि सेना ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में दो बार जांच कराई और कार्रवाई की। उन्होंने बताया, जवाबदेही प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करने और अदालती जांच ध्यान में रखते हुए, उन लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई, जो सैन्य प्रतिष्ठानों, जिन्ना हाउस और सामान्य मुख्यालय की सुरक्षा और सम्मान को बरकरार रखने में नाकाम रहे। शरीफ ने बताया कि एक लेफ्टिनेंट-जनरल सहित तीन अधिकारियों को हटा दिया गया है और तीन मेजर जनरल और सात ब्रिगेडियर सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी कर ली गई है।अधिकारियों की पहचान का विवरण दिए बिना मेजर जनरल शरीफ ने कहा कि सेना द्वारा की गई कार्रवाई से पता चलता है कि सेना के भीतर सख्त आत्म-जवाबदेही की व्यवस्था है और पद की परवाह किए बिना कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना में रैंक या सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना, कोई भेदभाव किए बगैर जवाबदेही तय की जाती है।

उन्होंने बताया कि जांच मेजर जनरल स्तर के अधिकारियों द्वारा की गई। शरीफ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, (नौ मई की हिंसा में) शामिल सभी लोगों को संविधान और कानून के तहत दंडित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पहले से ही 17 स्थाई सैन्य अदालतें काम कर रही हैं जहां 9 मई की हिंसा में शामिल 102 उपद्रवियों पर मुकदमा चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबूत देखने के बाद उनके मामलों को सिविल अदालतों में स्थानांतरित कर दिया गया।